

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 191 | ग्वालियर शनिवार 18 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


यूएन में पीएम मोदी का संबोधन, कहा-

## हमने आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड नेशन (संयुक्त राष्ट्र) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोविड के खिलाफ लड़ाई में हमारे जमीनी स्तर की स्वास्थ्य प्रणाली भारत को दुनिया में इस संक्रमण से उबरने की सबसे बेहतर दर सुनिश्चित में मदद कर रही है. ईसीओएसओसी सत्र के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना रिकवरी रेट भारत में दुनिया से सबसे बेहतर है. महामारी ने सभी देशों के धैर्य की कठिन परीक्षा ली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के सत्र को संबोधित करते हुए भारत के विकास पथ को दुनिया के सामने रखा. इस दौरान उन्होंने न केवल अपनी सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया, बल्कि दुनिया के विकास में भारत के योगदान को भी बताया. जानिए पीएम मोदी के भाषण की पीएम मोदी ने कहा कि हमारी



हाउसिंग फॉर ऑल स्कीम यह सुनिश्चित करेगी कि भारत के हर नागरिक के पास 2022 तक छत हो. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले साल हमने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती 600,000 गांवों में पूर्ण स्वच्छता कवरेज प्राप्त करके मनाई. उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में, हमने 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया, जिसने हमारे ग्रामीण स्वच्छता को 38 फीसदी से 100 फीसदी तक सुधार दिया. कोरोना वायरस को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी प्राकृतिक आपदाओं से लड़े हैं. भारत ने इन सभी आपदाओं का मुकाबला तेजी और मजबूती से किया. हमने कोरोना वायरस से लड़ाई को जन आंदोलन बनाया और कोरोना पर भारत का रिकवरी रेट दुनिया में सबसे बेहतर है. हमने जनता को कोरोना के खिलाफ लड़ाई से जोड़ा. पीएम मोदी ने भारत के वैश्विक योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि चाहे भूकंप, चक्रवात, इबोला संकट या कोई अन्य प्राकृतिक या मानव निर्मित संकट हो, भारत ने तेजी और एकजुटता के साथ जवाब दिया है. कोरोना के खिलाफ हमारी संयुक्त लड़ाई में हमने 150 से अधिक देशों में चिकित्सा और अन्य सहायता उपलब्ध करवाई है.

### 2022 तक सभी के लिए घर का ऐलान

पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान ऐलान किया कि जब भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने 75साल पूरे करेगा तब हमारा %हाउसिंग फॉर ऑल% कार्यक्रम 2022 तक प्रत्येक भारतीय के सिर पर एक सुरक्षित छत सुनिश्चित करेगा. हमारे 600,000 गांवों में पूर्ण स्वच्छता प्राप्त करके हमने पिछले साल राष्ट्र्पिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई.

## नवागत आईजी अविनाश शर्मा ने पदभार ग्रहण किया



**ग्वालियर।** नवागत आईजी ग्वालियर ज़ोन अविनाश शर्मा ने आज कार्यालय पहुंचकर एडीजीपी से आईजी ग्वालियर ज़ोन का चार्ज लेकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एसपी ग्वालियर नवनीत भसीन एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एमपी में हर रविवार को रहेगा लॉकडाउन, संपूर्ण लॉकडाउन लगाने पर अभी कोई निर्णय नहीं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश स्तर पर अभी जो हर रविवार को लॉकडाउन हो रहा है वह जारी रहेगा. मिश्रा ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा है कि मध्यप्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति को देखते हुए स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन का फैसला लिया जाता है. प्रदेश के स्तर पर अभी जो हर रविवार को लॉकडाउन हो रहा है, वो जारी रहेगा, जबकि पूरे प्रदेश में एक साथ लॉकडाउन लगाने का



निर्णय अभी नहीं लिया गया है. इस तरह की खबरें निराधार हैं. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हम कोरोना महामारी पर नियंत्रण में जुटे हैं और कांग्रेस झूठ और फरेब की राजनीति में जुटी है. दिल्ली से लेकर मध्यप्रदेश तक के कांग्रेस नेता भ्रामक ट्वीट करके प्रदेश का माहौल खराब कर रहे हैं. जांच दल गुना भेज रहे हैं, जबकि सबको पता है कि रिपोर्ट क्या आने वाली है. उन्होंने कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने जो सवाल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से किए है उसका जवाब तो दें.

## मुख्यमंत्री चौहान ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किये



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को उज्जैन प्रवास के दौरान भगवान महाकालेश्वर के दर्शन नन्दी हाल से किये। दर्शन उपरान्त मन्दिर के पुजारियों द्वारा स्वस्तिवाचन और शान्तिपाठ किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री बहादुरसिंह चौहान, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

राजस्थान हाईकोर्ट में

## सचिन पायलट गुट की याचिका पर सोमवार तक सुनवाई टली, कार्रवाई पर रोक

**नई दिल्ली।** राजस्थान में जारी राजनीतिक उथलपुथल के बीच सचिन पायलट गुट की ओर से दायर संशोधित याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार 17 जुलाई को सुनवाई हुई. राजस्थान हाईकोर्ट में सोमवार सुबह 10 बजे तक के लिए सुनवाई टल गई है. हाईकोर्ट की डिविजन बेंच में सुनवाई के दौरान सचिन पायलट खेमे की ओर से हरीश साल्वे ने अपनी दलीलें रखीं. राजस्थान हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि स्पीकर 21 जुलाई तक पायलट और 18 विधायक के खिलाफ एक्शन नहीं लेंगे. राजस्थान हाईकोर्ट में सचिन पायलट गुट की याचिका पर अब 20 जुलाई को सुबह 10 बजे दोबारा सुनवाई होगी. वहीं, विधानसभा स्पीकर मंगलवार शाम 5.30 बजे नोटिस पर सुनवाई करेंगे. स्पीकर की ओर से गुरुवार को पेश सहमति पत्र को मंगलवार तक के लिए बढ़ाया. हाई कोर्ट के आदेश अनुसार, अब स्पीकर मंगलवार तक बागी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते हैं. हरीश साल्वे ने राजस्थान हाई कोर्ट में अपनी दलील पेश करते हुए कहा कि पायलट



गुट ने दल-बदल कानून का उल्लंघन नहीं किया है, ऐसे में स्पीकर को नोटिस देने का अधिकार नहीं है. हरीश साल्वे के बाद मुकुल रोहतगी ने अपनी दलीलें रखीं. पायलट गुट के बाद विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने अपना पक्ष रखा. उन्होंने अपनी दलील में कहा- सचिन पायलट गुट की याचिका प्री-मैच्योर है, इसलिए इसको खारिज किया जाना चाहिए. इसके बाद हाईकोर्ट ने सोमवार सुबह 10 बजे तक सुनवाई टाल दी.

एमपी में कांग्रेस को एक और झटका,

## नेपानगर विधायक सुमित्रा देवी ने दिया इस्तीफा

**भोपाल।** नेपानगर की कांग्रेस विधायक ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका दिया है. अब सुमित्रा देवी कासडेकर ने विधायकी पद से इस्तीफा दिया है.. दो लाइन के इस्तीफे में सुमित्रा देवी ने लिखा है कि वह अपने विधायक की पद को छोड़ना चाहती हैं.



हालांकि इसके पीछे अभी तक सुमित्रा देवी ने कोई तर्क नहीं दिया है.विधानसभा सचिवालय ने इस्तीफे की पुष्टि की है. आपको बता दें कि हाल ही ने बड़ामलहरा से प्रतिबंध लोधी ने विधायकी पद से इस्तीफा दिया था और फिर भाजपा में शामिल हो गए थे. अब ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि सुमित्रा देवी भी भाजपा में शामिल हो सकती हैं. पर सुमित्रा देवी की तरफ से भाजपा में शामिल होने के लिए अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. अभी तक 25 सीटों पर उपचुनाव होने थे पर इस कांग्रेस विधायक के इस्तीफा देने के बाद अब 26 सीटों पर उपचुनाव होंगे.






भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने 92वां स्थापना दिवस मनाया

## आयात पर निर्भरता घटाने, स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों का उत्पादन बढ़ाने की है जरूरतः केन्द्रीय मंत्री तोमर

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने आज अपना 92वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि वैज्ञानिकों की सराहना की, जिनके कारण आईसीएआर ने पिछले नौ दशकों के दौरान देश में कृषि के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में वैज्ञानिकों के अंशदान और किसानों की कड़ी मेहनत के चलते भारत आज अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन वाला देश बन गया है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के चलते लागू लॉकडाउन के दौरान भी फसलों के रिकॉर्ड उत्पादन के लिए देश के किसानों को बधाई दी। तोमर ने वैधानिक संशोधन और अध्यादेशों की घोषणा के द्वारा बहुप्रतीक्षित कृषि सुधारों को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति भी आभार प्रकट किया है, जिससे किसान सशक्त होंगे और उन्हें अपनी फसल का लाभकारी



मूल्य हासिल करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईसीएआर और केवीके के वैज्ञानिकों को यह भी सुनिश्चित करना है कि अनुबंधित कृषि का लाभ छोटे किसानों को भी मिले। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 10 दशक में पूसा संस्थान (आईएआरआई) एक राष्ट्रीय संस्थान से अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान में तब्दील हो गया है। उन्होंने कहा कि आयात पर निर्भरता कम करने, स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों के साथ ही दालों व तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। अनुसंधान के द्वारा पाम ऑयल का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दलहन उत?पादन में हम आत्मनिर्भरता हासिल करने के करीब हैं और उम्मीद है कि तिलहन के मामले में भी हम ऐसी ही सफलता को दोहराएंगे और खाद्य तेलों के आयात पर होने वाले खर्च में कमी ला पाएंगे। इस अवसर पर 8 नए उत्पादों का लोकार्पण और 10 प्रकाशनों का विमोचन किया गया। केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री पुरुषोत्तम रूपाला और कैलाश चौधरी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, आईसीएआर के कई वैज्ञानिक और अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत आने वाले कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) के अंतर्गत आने वाला स्वायत्त संस्थान है। सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकरण सोसायटी के रूप में 16 जुलाई, 1929 को इसकी स्थापना की गई थी। परिषद देश भर में बागवानी, मत्स्य पालन और पशु विज्ञान सहित कृषि में अनुसंधान एवं शिक्षा के समन्वय, मार्गदर्शन और प्रबंधन करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

# मध्य प्रदेश सरकार के नवनियुक्त सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया आज आयेंगे

## ▶▶ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा होगा ग्वालियर से भिण्ड तक जगह जगह भव्य स्वागत ▶▶ निराला रंग बिहार में 5 बजे कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित-

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में अटेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट में नवनियुक्त सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के एक दिवसीय प्रवास के तहत अपने गृह जिले भिण्ड में आज प्रथम नगर आगमन पर आ रहे हैं। उनके कार्यक्रम को देखते हुए भाजपा नेताओं ने ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां प्रारंभ कर ली हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने बताया कि डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिण्ड जिले में प्रथम नगर आगमन पर आ रहे हैं। वे भोपाल से ग्वालियर आएंगे ग्वालियर से अपने काफिले के साथ भिण्ड की सीमा गोहद विधानसभा क्षेत्र के मालनपुर में प्रवेश करेंगे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य



स्वागत होगा। गोहद चौराहे गोरमी मुरैना चौराहे एवं ग्वालियर भिंड तिराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी अगवानी और भव्य स्वागत किया जाएगा। सभी मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता गण डॉक्टर भदोरिया के भव्य स्वागत की तैयारियां प्रारंभ करें। पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया है कि वह समस्त कार्यकर्ता अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर से प्रदेश के नवनियुक्त सहकारिता मंत्री के आगमन पर स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं को सूचित करें। भाजपा पीपरी मंडल के अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया ने डॉक्टर भदोरिया के प्रथम नगर आगमन पर मंडल द्वारा स्वागत की तैयारियों को लेकर बताया कि डॉक्टर भदोरिया बरोही चिमन सिंह भदोरिया डोंगर पुरा महापौर शिवपाल सिंह। नायब चौराहे पर ग्राम पंचायत के सरपंच शुगर सिंह नरवरिया सूर्या होटल सैमर पूरा मुंह पर ग्राम पंचायत बरौली पूर्व सरपंच बृजेश सिंह भदोरिया अनिल शर्मा पिरोड़ा सत्यनारायण शर्मा लावन ग्राम पंचायत सरपंच लालजी सिंह नरवरिया महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया भाजयुमो के युवा नेता सनोज नरवरिया पुर रिशु सिंह भदोरिया स्वागत करेंगे और कई जगह उनका तुलादान भी किया जाएगा। भिण्ड शहर की सीमा में प्रवेश होते ही त्रिमूर्ति धर्म कांटे बस स्टैंड पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री रक्षपाल सिंह राजावत किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत अपनी टीम के साथ उनकी अगवानी करते हुए स्वागत करेंगे। गल्ला मंडी गेट पर राजीव सिंह रिदौली, आकाश भदौरिया, थान सिंह भदौरिया और शिवराज सिंह यादव स्वागत करेंगे। फूफ मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल और सुरपुरा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया और अटेर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह तोमर ने समस्त कार्यकर्ताओं को भिण्ड पहुँचने का आह्वान किया है। सिटी पैलेस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य आकाश पुरोहित के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत करेंगे 7 वही इंदिरा चौक के पास भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता भी उनकी कसौली स्वागत करेंगे जिसमें जिला महामंत्री आरबी सिंह बघेल ने आवश्यक कार्यक्रम की तैयारी में प्रारंभ की करते हुए पूर्ण की है उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं को स्वागत में पहुंचने की अपील की 7

# मन्दिर के पीछे लगे हुए थे गांजे के पौधे मन्दिर में निवास करने वाले बाबा को किया गिरफ्तार

**पुष्पेन्द्र राजपूत रिपोर्टर**

दिनारा- /दिनारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम छितीपुर और कुर्रोल के बीच आमघाट पुल के पास शंकर जी के मंदिर के पीछे लगे अवैध गांजे के पौधों को जप्त किया प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान में दिनांक 16 /7/ 2020 को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी दिनारा रिपुदमन सिंह राजावत को सूचना प्राप्त हुई थी की गुलाब बाबा निवासी कुर्रोल आमघाट पुल के पास शंकर जी के मंदिर के पीछे अवैध रूप से काफी मात्रा में गांजे के पौधे लगाए गए हैं मुखबिर की सूचना श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एसडीओपी महोदय को दी गई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर




थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ आमघाट पर शंकर जी के मन्दिर पर पहुंचे और बंहा पर गुलाब बाबा को तलाश कर जानकारी ली इसके बाद मन्दिर के पीछे जाकर देखा तो वहां पर गांजे जैसे दिखने वाले पेड़ लगे हुए थे जिनको सूंघने और मसलने पर गांजे के पेड़ निकले इसके बाद इन गांजे के पौधों को उखाड़ कर जप्त कर थाने लाया गया और इसका बजन करवाया गया तो यह एक कुंटल बीस किलो निकला जिसकी कीमत अस्सी हजार रुपए आंकी गई। आरोपी गुलाब पुत्र आशाराम पाल निवासी कुर्रोल थाना दिनारा को धारा 8/20 हृष्ठक्क्र्ष्ट्ठ्ठ के तहत गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में दिनारा थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत, थंदरा चौकी प्रभारी विनोद गौतम, सहायक उपनिरीक्षक संजय भगत , जीतेन्द्र रावत, आरक्षक दीपक उपाध्याय आरक्षक मनोज यादव आरक्षक सोनू श्रीवास्तव आरक्षक सेवाराम पांडे आरक्षक अरविंद आरक्षक अंकित सिंह आरक्षक बलवीर आरक्षक पीकेश आरक्षक दीपक शर्मा आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह आरक्षक मृत्युंजय सिंह एवं सैनिक धर्मपाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### चंबल कमिश्नर ने पटवारी कौशलेन्द्र गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**मुरैना।** चंबल कमिश्नर श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा ने मैथाना के पटवारी श्री कौशलेन्द्र गुर्जर को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में श्री मिश्रा ने कहा है कि हल्का नं 10 मौजा मैथाना तहसील मुरैना के पटवारी कौशलेन्द्र गुर्जर मुख्यालय पर न रहते हुये अपने गांव नूराबाद में निवास करते हैं। मैथाना गांव के लोगों को अपने कार्य के लिये पटवारी के गांव नूराबाद मिलने जाना होता है इसमें काफी परेशानी होती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में शासन द्वारा किसानों के खाते में 6 हजार रूपये डाले जा रहे हैं जबकि पटवारी द्वारा पत्रकार ने कोई रूचि नहीं दिखाई है। शासन की मंशा के अनुरूप इसे घोर लापरवाही मानते हुये पटवारी श्री कौशलेन्द्र गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# विद्युत विभाग की लापरवाही दे रही है हादसे को निमंत्रण

**दतिया पुष्पांजली टुडे**

जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर धार्मिक स्थल सूर्य नगरी बालाजी धाम इन दिनों विद्युत विभाग के द्वारा की जा रही लापरवाही के कारण आने वाले हादसों को निमंत्रण देने वाला कस्बा हो सकता है! जी हां प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में विद्युत विभाग के द्वारा उनाव बालाजी के मुख्य चौराहे पर शंकर जी मंदिर के पास विद्युत डीपी रखी गई हैं जिन पर किसी भी प्रकार की सुरक्षा का इंतजाम विभाग की तरफ से नहीं किया गया है आपको बता दें कि मुख्य चौराहा होने के कारण वाहन स्टैंड, सब्जी मंडी, एवं भगवान भोलेनाथ का मंदिर इन खुली डीपी के पास है जहां से आम जनता का आवागमन निरंतर होता रहता है साथ ही आवारा जानवर सब्जी मंडी पास



होने के कारण इन खुली डीपी के पास भटकते रहते हैं जिससे हादसा होने का डर लगा रहता है! जानते हुए भी विद्युत विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया गया है! साथ ही बिन बताए निरंतर हर घंटे में कटौती भी की जा रही है! वैसे ही जिले में कोरोना महामारी से लोग परेशान बने हुए हैं और इस प्रकार की हर घंटे में हो रही कटौती आने वाले डेंगू एवं मलेरियाबीमारीको निमंत्रण विद्युत विभाग के द्वारा दिया जा रहा है! अतः प्रशासन जन समस्या पर ध्यान केंद्रित कर संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करें! मनमानी कर रहे विद्युत विभाग की कार्यशैली पर प्रतिबंध लगाए! जिससे आने वाली समस्याओं को रोका जा सके!

# मंत्री कंषाना का आधा दर्जन गांवों में हुआ स्वागत




**मुरैना।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना भ्रमण के समय ग्राम चौखट्टा, अधन्यपुर, महाराजपुर, मुरैनागांव, सहित अन्य ग्रामों में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने पीएचई मंत्री श्री कंषाना का स्वागत किया। इस इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पाटीदार समाज के युवाओं ने नेपाली प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर आक्रोश जताया

**डूंगरपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के बारे में नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की विवादित टिप्पणी पर पाटीदार समाज के युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। सुनील पटेल नेजपुर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के विषय में की गई टिप्पणी से हम लोग आहत हुए हैं। हमारे अराध्य के बारे मे किसी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नेपाल के प्रधानमंत्री द्वारा भगवान राम के प्रति दिए गए बयान पर लोगों में आक्रोश है। पाटीदार समाज के युवाओं ने जमकर नाराजगी जताई। मौके पर जितेंद्र पाटीदार, नारायण पाटीदार धताणा, रोमिल पाटीदार फलोज, लोकेश पटेल नेजपुर, मुकेश पटेल, रमेश कुमार पाटीदार टाटिया, मणिलाल पाटीदार गामड़ी देवकी व डायलाल पाटीदार निहालपुरा ने भी आक्रोश जताया।

## बच्चों के लिए लगाए गए स्कूल के हेड पंप पर दबंगों ने किया कब्जा पानी की मोटर डालकर की जा रही है खेतों की सिंचाई



जहां एक ओर मध्यप्रदेश शासन द्वारा बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षार्थ आइए सेवार्थ जाइए के तहत स्कूलों में हर संभव मदद के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु कुछ दबंग व्यक्तियों के द्वारा सरकार के इन प्रयासों को धूमिल किया जा रहा हैद्य जी हां प्राप्त जानकारी के अनुसार दतिया जिले के उन्नाव थाना क्षेत्र के ग्राम भदेवरा प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती के विद्यालय में लगे हुए हेडपंप पर दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर मोटर डाल खेतों की सिंचाई की जा रही है ! वर्तमान में कोरोना महामारी के चलते विद्यालयों में अवकाश चल रहा हैद्य जिसका फायदा दबंगों द्वारा जमकर उठाया जा रहा हैद्य जैसा कि आपको बता दें विद्यालय परिसर में लगे हुए हेडपंप से पास में बने हुए परिवारों को पानी की समस्या नहीं होती थी साथ ही रास्ते से निकलने वाले राहगीरों के लिए भी प्यास बुझाने का यह एक मुख्य साधन था जिस पर दबंगों द्वारा कब्जा कर बंद कर दिया गया है जिससे आसपास के परिवारों को पानी की समस्या हो रही है! अतः समस्या पर ध्यान केंद्रित कर जिला शिक्षा विभाग एवं जिला पंचायत ध्यान केंद्रित कर निवारण करें एवं विद्यालय की गरिमा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखें!

## मिसल विभाजन का कार्य करने हेतु राजस्व वृत्त में निर्धारित तिथि को उपस्थित हों

**मुरैना।** आयुक्त भू-अभिलेख के आदेशानुसार एम.आर.आर. में उपलब्ध मिसल बन्दोबस्त हो डाउनलोड कर मिसल विभाजन आदि की कार्यवाही पटवारियों के माध्यम से कराई जाना है। जिन ग्रामों में मिसल बंदाबस्त एमआरआर में उपलब्ध है। उन ग्रामों की राजस्व वृत्त पटवारियों की ड्यूटी निर्धारित दिनांक को राजस्व वृत्त में लगाई जाती है। जिसमें मुरैना नगर के अन्तर्गत समस्त राजस्व वृत 20 जुलाई को उपस्थित रहेंगे। 21 जुलाई को मुंगावली, मृगपुरा, मुरैना ग्रामीण, 22 जुलाई को जींगनी, नावली, बड़ागांव, 23 जुलाई को बगरौली, नूरावाद, 24 जुलाई को बानमौर, रिठौराकलां, 25 जुलाई को अम्बाह, दिमनी, सिहौनियां, 27 जुलाई को पोरसा, महुआ, रजौधा, 28 जुलाई को भर्रा, चिन्नोनी, बघेल, 29 जुलाई को जौरा, बागचीनी, गलेथा, 30 जुलाई को सुमावली, पहाडगढ़, 31 जुलाई को कैलारस, सुजर्मा, मामचौन, 1 अगस्त को टेंटरा, मांगरोल, झुण्डपुरा और 3 अगस्त 2020 को सबलगढ़, रामपुरकलां में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे ने बताया कि राजस्व निरीक्षक अपने वृत के पटवारियों को लैपटॉप के साथ मिसल बंदोबस्त के संलग्न सूची में एम.आर.आर. में उपलब्ध है, सहित कार्यालय में उपस्थित होंगे। तथा जिला कार्यालय में ही नियमित संबंधित ग्राम का कार्य पूर्ण करायेंगे। उक्त तिथियों में पटवारी उपस्थित न होने पर संबंधित तहसीलदार उत्तरदायित्व मानें जायेंगे।

# दबोह में कोरोना की दस्तक गुरुवार को 3 निकले पोजिटिव

## मुख्य नप अधिकारी ने पुनः दबोह वार्ड नम्बर 04 को किया सेनेटाइज

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

कोरोना महामारी जिस रफ्तार से अब फैल रही है उससे जनता में दहशत पैदा हो गई है।क्योंकि दबोह नगर में गुरुवार की शाम 03 नए कोरोना पॉजिटिव निकलते ही नगर दबोह में हलचल पैदा हो गई है।विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि बीते रोज दबोह वार्ड नम्बर 04 निवासी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी जिसके बाद स्वास्थ विभाग दबोह ने सम्पर्क में आये 18 लोगो के सेम्पल लिए थे जिसके बाद गुरुबार को उनमें से 03 लोगो की रिपोर्ट वार्ड नम्बर 04 से ही पोजिटिव आई है।जिसके बाद नगरीय प्रशासन भी सख्त हो गया और जनता परेशान भी।दबोह नगर के वार्ड नम्बर 04 में कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर ने गुरुवार की रात तुरंत मौके पर पहुंचकर वार्ड नम्बर 04 गली को पुनः पूरी सेनेटाइज किया व शुक्रवार की सुबह भी वार्ड को पुनः सेनेटाइज किया क्यों कि वार्ड को शील्ड वह 01 पॉजिटिव निकलते ही कर चुके थे।इस दौरान



मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर ने पॉजिटिव पाए गए व्यक्ति के परिवार से घर मे ही रहने की बात कही तो वहीं वार्डवासियों से भी अपने अपने घरों के अंदर ही रहने के लिए कहा।इस मौके पर उनके साथ इंजीनियर राजीव राव व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता झा व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। गुरुवार की शाम दबोह नगर में 03 व्यक्तियो की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आते ही दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडीकल ऑफिसर डॉ.निशान्त यादव ने बताया कि पॉजिटिव आये व्यक्ति के घर के सदस्यों की सेम्पलिंग की जाएगी।तो वहीं उन्होने कहा कि दबोह नम्बर 04 में निकले 03 कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियो के सम्पर्क में आये लोग भी अपनी अपनी सेम्पलिंग दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जरूर कराएं।उन्होने दबोह नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि कृपया सभी लोग घरो में ही रहे और केवल जरूरत पड़ने पर ही घरो से बाहर निकलें व मास्क व सेनेटाइजर का उपयोग अवश्य करें।

### कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण के परिप्रेक्ष्य में संशोधित आदेश जारी*

**विकास त्रिपाठी भिंण्ड।** भिण्ड कोविड-19 के संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनसामान्य के स्वास्थ्य हित एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं म.प्र.सरकार द्वारा पूर्व में जारी किए गए निर्देशो के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री बीरेन्द्र सिंह रावत द्वारा धारा 144 के निहित शक्तियों के अन्तर्गत आंशिक संशोधित कर आदेश जारी किया है। यह संशोधित आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर अन्य आदेश तक लागू रहेगा। जारी आदेशानुसार कोई भी धार्मिक कार्य/त्यौहार का आयोजन सार्वजनिक स्थलो पर नहीं किया जाएगा और न ही धार्मिक जुलूस या रैली निकाली जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार की मूर्ति, झांकी आदि स्थापित नहीं की जाएगी। सभी व्यक्ति/उपासक अपने-अपने घरों में रहकर भी पूजा/उपासना आदि करना सुनिश्चित करेंगे। धार्मिक/उपासना स्थल यथा मंदिर, मस्जिद आदि पूर्व में जारी आदेशानुसार 31 जुलाई 2020 तक सार्वजनिक एवं आमजन के लिए पूर्णतः बंद रहेंगे। विवाह समारोह में मेहमानो की संख्या 20 से अधिक नहीं होगी। इसमें वर पक्ष एवं वधू पक्ष के अधिकतम 10-10 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे। इसीप्रकार किसी पारिवारिक कार्यक्रम यथा जन्मदिन, सालगिरह आदि समारोह में 10 से अधिक व्यक्ति सम्मिलित नहीं होंगे। अंतिम संस्कार से संबंधित कार्यक्रमो में पूर्वत अधिकतम 20 व्यक्ति ही शामिल हो सकेंगे। इन संशोधित आदेशो के अलावा पूर्व में जारी आदेश यथावत रहेंगे।

# कोरोना संक्रमण रोकने में नगरीय निकाय निभायें महत्वपूर्ण भूमिका

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री सिंह ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**भोपाल।** शहरों में कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने में नगरीय निकाय महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। राज्य स्तर पर एक नोडल अधिकारी बनायें, जो मॉनीटरिंग और प्लान बनाने का कार्य करे। इसकी डेली रिपोर्टिंग हो। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने यह निर्देश विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नगर में जिस क्षेत्र में कोरोना मरीज पाये जाते है, वहाँ सेनिटाइजेशन प्राथमिकता से करें। सेनिटाइजेशन की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में नगरीय विकास विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी अध्ययन करें। चयनित कोविड सेंटर में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करायें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री



श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी में वही कार्य करवाये जायें, जो नागरिकों के लिये उपयोगी हों। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों से गैर जरूरी कार्य कराने की शिकायतें मिली हैं। श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी में चल रहे कार्यों की अलग से समीक्षा करेंगे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना गरीब तबके के लिये बहुत उपयोगी है। इसे हर शहर में संचालित करने का प्लान बनायें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म-निर्भर निधि (पी.एम. स्व-निधि) योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में दिलायें। हर नगरीय निकाय में एक अधिकारी की ड्यूटी लगायें, जो बैंक से को-ऑर्डिनेट करे, जिससे समय पर ऋण मिल सके। योजना के क्रियान्वयन की कियवार ग्रेडिंग करें। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिये प्लान बनायें। उन्होंने शहरी लोक परिवहन में चलाई जा रही इंटरसिटी बसों की उपयोगिता के संबंध में तुलनात्मक रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि मेट्रो ट्रेन के कार्यों में तेजी लायें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर ऐसा कार्य करें कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज श्रीवास्तव, आयुक्त ग्राम एवं नगर निवेश श्री अजीत कुमार, अपर आयुक्त श्री स्वतंत्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# झूठों की मंडली है कांग्रेस, कार्यकर्ता हर बूथ पर करें बेनकाब : शर्मा



**भोपाल।** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में जनता को भ्रमित करके और किसानों से झूठ बोलकर सत्ता हासिल की थी। इन्होंने किसानों को कर्ज माफी का झूठा वादा किया, युवाओं को 4000 रूपए भत्ता देने का झूठ बोला, हर कदम पर झूठ बोलने का काम कमलनाथ सरकार ने किया। लेकिन झूठ के दिन ज्यादा नहीं होते और यही कारण था कि कमलनाथ सरकार जनता से बोले गए झूठ के कारण गिरी। झूठ बोलने वाली यह कांग्रेस की मंडली उपचुनाव से पहले फिर जनता को भ्रमित कर रही है। हर रोज नए नए झूठ का जाल बुन रही है। जनता इनके बहकावे में फिर ना आए, यह जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं की है। इसलिए इस झूठी कांग्रेस को पार्टी के कार्यकर्ता हर बूथ पर बेनकाब करें। यह बात प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सुवासरा विधानसभा की वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुंए कही। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद सुधीर गुप्ता और प्रदेश शासन के मंत्री हरदीप सिंह डंग ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने गुना में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कांग्रेस इस घटना को लेकर वातावरण खराब करने का काम कर रही है, जबकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तत्काल इस घटना पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सस्पेंड किया और न्यायिक जांच के आदेश दिए। लेकिन कमलनाथ और दिग्विजय सिंह लगातार इस घटना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन हमें सजग और सतर्क रहकर इन्हें जवाब देना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह दलितों को अपमानित करती रही है। पं. जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को दो बार चुनाव हरवाया, ताकि वे आगे ना बढ़ें। इंदिरा गांधी ने बाबू जगजीवन राम के साथ जो किया वह भी किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अटल सरकार और मोदी सरकार ने दलितों के लिए जो किया, वो कांग्रेस 70 सालों में नहीं कर पाई। भाजपा सरकार ने ही अंबेडकर जी के जीवन से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में सँवारने का काम किया। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि सरकार ने मध्यप्रदेश को 15 सालों तक उमाजी, बाबूलाल गौर और शिवराज जी के नेतृत्व में सँवारने ओर विकसित करने का काम किया, लेकिन कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने 15 महीने में इसे गर्त में धकेल दिया। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी ने मध्यप्रदेश को बर्बाद किया। कमलनाथ सरकार में चारों ओर त्राहि-त्राहि मची हुई थी। जनता परेशान थी। ज्योतिरादित्य सिंधिया और हरदीप सिंह डंग जैसे उनके साथियों की इच्छाशक्ति के कारण कमलनाथ सरकार गिरी और प्रदेश तबाही से बच गया। उन्होंने कहा कि हरदीप सिंह ने जनता के लिए त्याग किया वह अभिनंदनीय है।

### स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने विभिन्न विभागीय गतिविधियों पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की। मंत्री श्री परमार ने स्थानांतरण नीति, अतिथि शिक्षकों के वेतन, औपचारिकेत्तर शिक्षकों के चयन एवं पात्रता परीक्षा के बाद चयन प्रक्रिया, नव-चयनित शिक्षकों का वेरिफिकेशन, जिला परियोजना समन्वयकों और विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों की पद-स्थापना, नवीन शिक्षक संवर्ग के ट्रेजरी कोड आबंटन एवं वेतन निर्धारण विषय पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने जानकारी दी कि वेरिफिकेशन की कार्यवाही कोरोना संक्रमण की वजह से स्थगित की गई है। नवीन शिक्षक संवर्ग के ट्रेजरी कोड आबंटन की प्रक्रिया जारी है।

# वित्त मंत्री देवड़ा ने ग्राम बोतलगंज में किया अनुपूरण अभियान का शुभारंभ

## बच्चों को पिलाई विटामिन ए की दवा



**भोपाल।** वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मदसौर जिले के मल्हारगढ़ तहसील के गांव बोतलगंज में विटामिन %ए% अनुपूरण अभियान का शुभारंभ बच्चे को विटामिन %ए% की दवा पिलाकर किया। प्रान्तव्यापी अनुपूरण अभियान के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन %ए% की दवा निशुल्क पिलाई जाएगी। मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हर बच्चे की सेहत का ध्यान रखते हुए प्रदेश में यह अभियान 17 जुलाई से 19 अगस्त 2020 तक चलाया जाएगा। इसमें आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रदेश के सभी लक्षित समूह के बच्चों को विटामिन %ए% की खुराक पिलाई जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये चलाये जा रहे इस अभियान में सभी सहभागी बने, जिससे आगे आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ बनाया जा सके।

# गब्बू पारदी पर हत्या के अनेकों मामले, शिवराज सरकार ने जिलाबदर क्यों नही किया? : दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा के बयान ''गुना के जमीन माफिया गब्बू पारदी से उनके संबंध की जांच'' की बात पर पलटवार करते हुये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान से अनुरोध किया है कि वे गब्बू पारदी व उनके संबंधों की जांच वी.डी. शर्मा से ही कराये एवं शासकीय एजेंसी वी.डी. शर्मा के नेतृत्व में ही जांच करें। साथ ही, श्री सिंह ने कहा की गब्बू पारदी पर अनेकों हत्या, लूट जैसे प्रकरण दर्ज है तथा इसी गब्बू ने शिवराज सरकार के 15



वर्षों के शासनकाल में सरकारी जमीनों पर कब्जा किया। तब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह गब्बू पारदी पर क्यों मेहरबान थे। ऐसे शातिर अपराधी पर जिलाबदर व रासुका की कार्यवाही क्यों नहीं की गई ? राजनैतिक फायदा लेने के लिये प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जब जांच की बात की है तो इस मामले की हर तरह से जांच की जानी चाहिये। इन पारदियों के पांच गांव किसकी विधानसभा एवं किसकी लोकसभा के अंतर्गत आते है ? गब्बू के भाई की पत्नि सुलोचना जो बमोरी जनपद अध्यक्ष रही है, उनकी बातचीत में वे साफतौर पर स्वीकार कर रही है कि भाजपा विधायक रही ममता मीना और उनके आई.पी.एस. पति से उसके प्रगाढ़ संबंध रहे।

### राज्यमंत्री श्री कांवरे ने बालाघाट में किया कोविड केयर सेन्टर का निरीक्षण

**भोपाल।** आयुष (स्वतंत्र प्रभार) एवं जल संसाधन राज्यमंत्री श्री राम किशोर कांवरे ने बालाघाट में कोविड केयर सेन्टर का निरीक्षण किया और वहां कि व्यवस्थाएँ देखी। श्री कांवरे ने संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के बाद मंत्री श्री कांवरे ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन और जिला अध्यक्ष श्री रमेश भटेरे सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

### कोविड से निजात पाने के लिये संयम और अनुशासन जरूरी : मंत्री सारंग



**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को मंत्रालय में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोविड से निजात पाने के लिये संयम और अनुशासन जरूरी है। श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कोविड पर काबू पाने और खत्म करने की हरसंभव तैयारी की जा रही है। केन्द्र और राज्य सरकार की एडवाइजरी का पालन कर कोविड पर विजय प्राप्त की जा सकेगी। श्री सारंग ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को अव्वल बनाने का काम किया जायेगा। उत्कृष्ट चिकित्सक और बेहतरीन मेडिकल व्यवस्था कर नये आयाम स्थापित करने की कोशिश की जायेगी। विभागीय अस्पतालों को भी सुव्यवस्थित किया जायेगा।

# गरीबों एवं मजदूरों के हित में संवेदनशीलता से कार्य करें : मंत्री ठाकुर

## पर्यटन अधिकारियों को दिये निर्देश

**भोपाल।** पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने भदभदा मार्ग स्थित पर्यटन भवन में अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने म.प्र. पर्यटन विकास निगम के मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों से कहा कि कोरोना के इस संक्रमण काल में गरीबों एवं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की हमारी कोशिश होना चाहिए। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता से उनकी मदद करना हम सबकी



जिम्मेदारी है। उन्होंने मजदूरों के वेतन का भुगतान भी समय पर कराने के निर्देश दिए। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि प्रकृति की जितनी अनुकूलता भारत को मिली है वह दुनिया में कहीं नहीं हैं। यदि हम सब मिलकर कोरोना से निबटने के लिए शासन के निर्देशों का पालन करें तो कोरोना पर विजय पा सकते हैं। बैठक के पश्चात उन्होंने पर्यटन भवन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों एवं श्रमिकों की मदद करना राष्ट्रहित का कार्य है। राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए हमें कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि श्रमिकों एवं गरीबों के हित में कार्य करने में म.प्र. पर्यटन विकास निगम द्वारा कोई कमी नहीं रहने दी जाये। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों, म.प्र. निगम मंडल कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री सुश्री ठाकुर का स्वागत किया गया।

## संपादकीए

### कोरोना का दायरा

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले पांच-छह महीने की तमाम कवायदों के बावजूद अब भी अगर कोरोना वायरस के संक्रमण का दायरा बढ़ता जा रहा है तो निश्चित रूप से यह चिंता की बात है। हालत यह है कि कोरोना से जंग में इतनी जद्दोजहद के बाद आज भी विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ स्थिति और खराब होने की आशंका जता रहा है। इस चिंता का आधार यह है कि दुनिया के कई देश कोरोना से निपटने के मामले में गलत दिशा में जा रहे हैं। इस वजह से कोरोना से संक्रमित लोगों और मरने वालों की तादाद में और बढ़ोतरी हो रही है। भारत में भी कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार को कोरोना के नए मामलों ने फिर एक रिकॉर्ड बनाया। पहली बार एक दिन में कोरोना वायरस के 32695 नए मामले सामने आए। देश में लगातार सातवें दिन कोरोना वायरस से संक्रमण के 26,000 से अधिक मामले सामने आए हैं। गुरुवार सुबह अद्यतन किए गए आंकडों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 606 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 24,915 हो गई है। देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 9,68,876 हो गए जिनमें से 3,31,146 लोगों का उपचार चल रहा है और 6,12,815 लोग उपचार के बाद संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि जिन एहतियात और उपायों की बात की जा रही है, उनका पालन नहीं किया जा रहा है; अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह महामारी बद से बदतर होती जाएगी। यह समझा जा सकता है कि डब्ल्यूएचओ की चिंता विश्व भर में कोरोना के फैलते पांव के मद्देनजर है और इसके आकलन के मजबूत आधार होंगे। मगर सवाल है कि आखिर किन वजहों से कोरोना से बचाव के लिए एहतियाती उपाय करने के मामले में कुछ देश लापरवाही बरत रहे हैं। हालांकि शुरुआत में डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देशों के मुताबिक दुनिया भर में अलग-अलग देशों में इससे बचाव के लिए जिस तरह के कदम उठाए गए, उससे इस महामारी पर काबू पाने की उम्मीद की गई थी। लेकिन आज भी इस बीमारी से संक्रमित लोगों और मरने वालों के जैसे आंकड़े सामने आ रहे हैं, उससे साफ है कि या तो इससे बचाव के लिए जरूरी दिशा-निर्देशों पर अमल में कोताही बरती जा रही है या फिर यह बीमारी पर काबू पाना अभी संभव नहीं हो पा रहा है। कोरोना से बचाव का अब तक कोई चिकित्सकीय उपाय नहीं निकल पाया है, इसलिए फिलहाल इससे बचाव ही एक रास्ता है और यह कोई बहुत मुश्किल नहीं है। मसलन, डब्ल्यूएचओ ने अपने दिशा-निर्देश में लोगों के बीच आपस में थोड़ी दूरी बरतने, हाथ धोने और मास्क पहनने जैसे बहुत साधारण उपायों को शामिल किया है, जिससे कोरोना के संक्रमण को रोका जा सकता है। लेकिन अफसोस है कि सिर्फ इतने उपाय करने में भी कुछ देशों में कोताही बरती जा रही है। जबकि इस वायरस के बारे में जैसे अध्ययन सामने आ रहे हैं, उससे यही लगता है कि निकट भविष्य में पहले की तरह सब कुछ सामान्य नहीं हो पाएगा। ऐसे में डब्ल्यूएचओ की यह चिंता वाजिब लगती है कि अगर बचाव के बुनियादी उपायों का पालन नहीं किया गया तो महामारी की स्थिति बदतर होती जाएगी। यह दुनिया भर के लिए एक जटिल चुनौती है, क्योंकि मौजूदा स्थिति में लगभग सभी देशों की समूची ऊर्जा कोरोना से लडने् में जा रही है और आर्थिक मोर्चे पर हालात बेहद खराब होते जा रहे हैं। डब्ल्यूएचओ की ओर से भी यह चिंता जताई गई है कि बहुत सारे देशों के सामने विभिन्न स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक चुनौतियां हैं। लेकिन संक्रमण रोकने के लिए सख्त कदम जरूरी हैं। कोरोना से बचाव के टीके को लेकर कई देशों में तेजी से काम हो रहा है, लेकिन इस मामले में बहुत सावधानी बरते जाने की जरूरत है। इतना तय है कि लंबे समय तक अगर यह स्थिति बनी रही तो बहुत सारे देश आर्थिक और स्वास्थ्य सहित कई स्तरों पर बहुत कठिन चुनौतियों से घिर जाएंगे।

# महामारी में छात्र की मनोव्यथा

वर्तमान समय मे विश्व में व्याप्त महामारी कोविड 19 कोरोना वायरस अपने चरम पर है।विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड 19 का अभी और घातक प्रकोप देखने को मिल सकता है। इस संकट के कारण आने वाले 2 सालों में दुनिया की अर्थव्यवस्था को लगभग 8.5 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होगा। साथ ही कई और सेक्टर्स में भी काफी नुकसान होगा। सीधे सीधे लगभग 34 मिलियन लोग अत्यंत गरीबी के मुँह में चले जाएंगे। अब उस क्षेत्र को ओर भी रुख कर लिया जाये जिसमें प्रत्येक देश का उज्ज्वल भविष्य होता है। यहां मैं बात कर रहा हूँ छात्रों की जो इस संकट की घड़ी में अत्यधिक प्रभावित हैं। छात्रों के जीवन व मानसिक स्थिति पर बेहद प्रभाव पड़ रहा है। कोविड19 से विश्व के 1 बिलियन छात्रों पर असर पड़ा है। अगर भारत के परिपेक्ष्य में बात करें तो 32 करोड से भी अधिक छात्रों पर इस महामारी का असर पड़ा है। अब प्रश्न उठता है कि कोरोनाकाल में छात्रों की मनोदशा क्या होगी। छात्रों के सामने भविष्य को लेकर ऐसी विकराल समस्या आ खड़ी हुई है, जो उनके आत्मविश्वास और धैर्य की कठोर परीक्षा ले रही है। हम भारत के ग्रामीण व गरीब तबके के छात्रों की बात करें, तो इस लॉक डाउन में जिनके घर की आमदनी बन्द है, वो छात्र जिनके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर, छोटे कामगार, दस्तकार, ग्रामीण परिवेश के छात्र आदि, उनकी जिंदगियां बुरी तरह प्रभावित हैं। जो अभिभावक रोज कमाते-खाते थे, क्या वे छात्र अब विद्यालय वापस आ सकेंगे या रोजी-रोटी की व्यवस्था में अपने माँ-बाप के साथ जीविकोपार्जन में लग जाएंगे। इसका सीधा सीधा मतलब है कि अशिक्षा व बाल मजदूरी को बढ़ावा मिलेगा। यहां सरकार के सामने यह प्रश्न है कि, क्या सरकार इस चुनौती से निपटने के लिये कोई प्लान है? कई बच्चों का भविष्य दाव पर लगा है, या यूं कहें कि बच्चों के साथ भारत वर्ष का भी भविष्य दाव पर लगा है। इस संकट के समय में ग्रामीण छात्रों के समक्ष कुछ और चुनौतियां भी सामने आई हैं, सीधे तौर पर यहां राज्य सरकार व केंद्र सरकार की विफलता उजागर होती है।



वर्तमान समय में कुछ शैक्षणिक संस्थान ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन करा रहे हैं। क्या कभी यह सोचा है कि क्या सभी छात्र इस तकनीकी सुविधा का लाभ ले पा रहे होंगे या नही ले पा रहे हैं? मुझे आपको बताते हुए खेद हो रहा हैं कि, एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के सिर्फ 24 फीसदी घरों में ही इंटरनेट की सुविधा है। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सरकार के पास कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने पहली बार इस बात को जानने की कोशिश की है। एक आकड़े के अनुसार भारत के सिर्फ दो राज्यों के सिर्फ 40 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों में इंटरनेट की सुविधा है। हस्स की 2017-18 की एक रिपोर्ट के अनुसार 19 प्रतिशत ग्रामीण छात्र बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। जिसका एक बड़ा कारण आर्थिक समस्या इस रिपोर्ट में दर्शाया गया है। ऐसे में आप उम्मीद कर सकते हैं कि ऑनलाइन कक्षा कहाँ तक सफल हो पायेंगी। और बात करें ऑनलाइन क्लास की तो तो इससे फायदे और नुकसान दोनों हैं। यह सुविधा कम समय के लिये फायदेमंद है, लेकिन इसके लंबे समय तक उपयोग से छात्रों में चिंता व अवसाद उत्पन्न होता है।इसका उदाहरण वर्तमान में घटने वाली कई घटनाएं हैं, जिसमें से में एक हृदय दहलाने वाली घटना में एक 9वी कक्षा की बच्ची की आत्महत्या करना है। जिसने ऑनलाइन क्लास ना ले पाने की वजह से आत्महत्या का रास्ता चुना। क्या सरकार ऐसी चुनौतियों के लिये तैयार है? सरकार व देश के छात्रों के सामने भविष्य की बहुत चिंताएं हैं। बात अगर समाधान की करें तो इस सत्र को शून्य सत्र घोषित कर दिया जाना चाहिए या फिर एहितयात के साथ पुनः संस्थान खोल दिये जाने चाहिए। हाल ही में डेनमार्क ने शैक्षणिक संस्थानों को पुनः खोला है। यहां सरकार को चाहिए कि सरकार छात्रों के हित में निर्णय करे। सरकार को छात्र हितों पर भी ध्यान देना ही चाहिए, क्योंकि कई छात्रों का भविष्य सरकार के निर्णय पर निर्भर करता है। मैं उम्मीद करता हूँ की सरकार छात्रों के हितों में निर्णय लेगी।

**अक्षय दुबे**
**ग्वालियर म प्र**

## वीर छंद शिव स्तुति

डम डम डम शिव डमरू बाजे,तीन लोक करते जयकार ।
पार्वती के प्रीतम प्यारे , जग के हो प्रभु ,पालनहार ।

सब देवों के देव कहाते,अविनाशी को कोटि प्रणाम,
ज्योतिर्मय है रूप तुम्हारा ,अद्भुत लिंग अनेकों नाम ,
हे नटराजन है दुख भंजन,शरणागत हम आये द्वार ।
पार्वती के प्रीतम प्यारे , जग के हो प्रभु ,पालनहार ।

गले सर्प की माल विराजे ,वस्त्र बने बाघम्बर खाल ,
नीलकंठ विषधारी शंकर,दया करो है दीन दयाल ,
आदि अंत ना जान सका जग ,पाया कौन तुम्हारा पार ।
पार्वती के प्रीतम प्यारे , जग के हो प्रभु ,पालनहार ।

**रीना गोयल( सरस्वती नगर)**
**हरियाणा**



## कार्टून कोना




# परिवारवाद



परिवारवाद ,भाई भतीजावाद या नेपोटिज्म कुछ भी बोलें किंतु इसी कारण बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने खुद की जान ले ली, लेकिन भारतीय समाज में भाई-भतीजावाद पर परिणाम बहस एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सुशांत सिंह राजपूत न केवल बॉलीवुड नामक संयुक्त परिवार के लिए एक बाहरी व्यक्ति थे सुशांत की आत्महत्या से पहले, कंगना रनौत ने इस मामले को उठाया था सिर्फ बॉलीवुड मैं ही नहीं अपितु भारतीय राजनीति में %वंशवाद% और %वंशवादी विशेषाधिकार% चरम पर है परिवारवाद यह शब्द भारतीय समाज के लिए चर्चा को व्यापक बनाने का एक अवसर है। एक मौके को देखते हुए, हम सभी भाई-भतीजावादी हैं। कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो अपने बच्चों के करियर को उसी क्षेत्र में बढ़ावा देता है जैसा कि उनका है। यह जाति और रिश्तेदारी की हमारी परंपरा का हिस्सा है। बॉलीवुड और राजनीति में भाई-भतीजावाद के प्रसार को कम करने के लिए, हमें बड़े पैमाने पर समाज में भाई-भतीजावाद पर सवाल उठाना होगा। परिवारवाद वाली परंपरा से कोई भी दल अछूता नहीं है जो कई पीढ़ियों से राज करते आ रहें है जैसे पहले के जमाने मैं कहते थे राजा का बेटा राजा बनेगा वही स्थिति आज हो रही है पारदर्शिता की कमी और योग्यता की बेकद्री के कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हुयी है चाहें कोई भी क्षेत्र हो 2018 मैं जब प्रयागराज हाईकोर्ट में जज की नियुक्ति के लिए सिफारिश हुए 33 उम्मीदवार सिटिंग या पदनियुक्त न्यायाधीश के रिश्तेदार थे यह कोई पहली घटना नहीं थी यह सिलसिला साल दर साल चलता रहता है एक सर्वे के मुताबिक देश में जितने भी न्यायाधीश नियुक्त होते है उनमें से 75त्न प्रैक्टिसिंग वकील होते है जिनको न्यायाधीश बनने के लिए कोई परीक्षा नहीं देनी होती बाकी 25 त्न परीक्षा पास करके नियुक्त होते है हां वही पारदर्शिता वाला मामला 2016 में आयी कंचन चंद्रा की पुस्तक कहती है कि 2004 से 2016 के बीच आये लगभग एक चौथाई सांसद, विधायक परिवारवाद की राजनीति से आये हुए है अगर यही स्थिति रही तो योग्यता के आधार पर मौके मिलना धीरे धीरे बिल्कुल ही खत्म हो जायेंगे जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भयानक स्थिति को उत्पन्न करेगी इसके लिए सभी को संयुक्त रूप से आवाज उठाने की आवश्यकता है जागरूकता बढ़ाओ परिवारवाद हटाओ।

जय हिंद

**आकाश बरूआ**
**युवा समाजसेवी**
**ग्वालियर (म.प्र.)**

## चांद के बाराती

आसमान में निकले तारे,
कितने सुंदर,कितने प्यारे।।
आसमान में रहते छितराये,
सबके मन को खूब ये भाएं।।
एक साथ निकलते कई हजार,
जैसे सजता है मीना बाजार।।
दिन ढलते ही चले आते,
रात खत्म,कहीं छुप जाते।।
क्यों नहीं कोई मुझको बताए,
कहां से आते,कहां जाते हैं।।
कुछ लाल-पीले,कुछ बुझे हुए,
लगते हैं,आसमान में गुथे हुए।।
आसमान से क्या नाता है,
हमें नहीं कुछ अता-पता है।।
लटके रहते आसमान के सहारे
लगते सभी को को न्यारे-न्यारे।।
बादल से करते हैं लुकाछिपी,
हर दिन आना कभी न रुकती।।
सबके मन को खूब लुभाते,
बच्चे देख इन्हें हर्षित हो जाते।।
तारे लगते चांद के बाराती,
हम बच्चों के रात के साथी।।
आसमान में निकले तारे,
कितने सुंदर कितने प्यारे।।



**गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम**

**शिक्षक और सामाजिक चिंतक**

**देवदत्तपुर दाऊदनगर औरंगाबाद बिहार**

## अगर तुम कहो

मैं लिखूं गीत फिर से
अगर तुम कहो
तुम सुनो तो सुना दूं
अगर तुम कहो..।।

रो रहा हूँ मैं हालातों
से हो विवश
फिर भी तुमको हंसा दूं
अगर तुम कहो..।।

है भरोसा कभी आओगे
इस तरफ
पुष्प कलियां बिछा दूं
अगर तुम कहो..।।

मैं भी नाराज हूँ
खुद से भी आजकल
फिर भी तुमको मना दूं
अगर तुम कहो..।।

कितने अरसे से मैं
मुस्कुराया नहीं
आज मैं मुस्कुरा दूं
अगर तुम कहो..।।
अगर तुम कहो..।।

***विजय कनौजिया***
**ग्राम व पत्रालय-काही**
**जनपद-अम्बेडकर नगर (उ0 प्र0)**
**मो0-9818884701**

## बाल कविता - कालू बन्दर



कालू बंदर है बहुत परेशान,
भारी गर्मी से वो होता हैरान।
बादल कभी - कभी है दिखते,
ना जाने फिर क्यों नही टिकते।

प्रभु से फिर करने लगा गुहार,
प्रभु कर दो बारिश की बौछार।
उमड़ - घुमड़ कर बादल आये,
कालू झूम-झूम कर नाचे गाये।

तन - मन कालू के हो गए तृप्त,
बारिश जंगल मे हुई जबरदस्त।
दूर हो गयी जंगल से गर्मी की मार,
कई दिन बरसे बादल बारम्बार।

**नीरज त्यागी**
**ग़ाज़ियाबाद ( उत्तर प्रदेश ).**

## खोल दो कि दिल में जो भी राज हो

अपने याराने का अब आगाज हो
कल तो जो होना है कल की बात है
आज की बातें वो सारी आज हो
मेरे दिल का गीत हो जाए मधुर
साथ में तेरी भी जो आवाज हो
आओ मिल कर गीत परिणय के रचें
सुर हो मेरे और तुम्हारा साज हो
मैं पुजारी प्रेम का हरदम तेरे
प्रेम की देवी का सर पर ताज हो
जिस्म दो और एक जां बन
जाएं हम
ऐसा अपने इश्क का अंदाज हो
प्रेम की ऐसी मिसालें दे दें हम
कि इस जहां प्रेम ही सरताज हो
बात हर आंखों से हो जाए बयां
तेरे न मेरे कोई अल्फाज़ हो
हीर और रांझे का था जैसा
मिलन
ठीक वैसा ही हमारा आज हो



मैं विक्रम कुमार, स्वप्रमाणित करता हूं कि , यह मेरे द्वारा लिखी गई नितांत मौलिक रचना है । इसे मैं आपकी लोकप्रिय एवं प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशन हेतु सादर निवेदित करता हूं ।

**विक्रम कुमार**
**मनोरा , वैशाली**

# पीरूसिंह के शौर्य से हार गया था पाकिस्तान

### 18 जुलाई शहादत दिवस पर विशेष -

भारत चीन सीमा पर इस वक्त भारी तनाव बना हुआ है। दोनों देशों की सेना आमने सामने डटी हुई है। पिछली 15 जून की रात को दोनों देशों के सैनिकों में हिंसक झड़प भी हो चुकी है। जिसमें भारत के बीस वीर जवान शहीद हुए थे। वहीं चीन के भी कई दर्जन सैनिक मारे गए थे। सीमा पर युद्ध के हालात में दोनों देशों के सैन्य कमांडर आपसी वार्ता कर शांति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। इधर पाकिस्तान भी सीमा पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है। ऐसे में हमें याद आते हैं 1948 में भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत। जिन्हे युद्ध में अदम्य बहादुरी के लिए भारत सरकार ने मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया था। मौजूदा हालात में परमवीर पीरूसिंह जैसे सैनिको की वीरता की कहानियां सीमा पर डटे हमारे सैनिकों में एक नए जोश का संचार करती है। उन्हें भारत माता की सीमा की रक्षा करते हुए मर मिटने की प्रेरणा देती है। रणबाकुरों की धरती का झुंझुनू जिला राजस्थान में ही नहीं अपितु पूरे देश में वीरता के क्षेत्र में अपना अलग ही स्थान रखता है। पूरे देश में सर्वाधिक सैनिक देने वाले इस जिले की मिट्टी के कण-कण से वीरता टपकती है। देश के खातिर स्वयं को उत्सर्ग कर देने की परम्परा यहां सदियों पुरानी है। मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते मिट जाना यहां गर्व की बात है। देश के लिये मिट जाने की परम्परा में नये आयाम स्थापित किये 1947-48 में पाक समर्थित कबालियों से युद्ध में हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत



ने। जब उन्होने देश हित में स्वयं को कुर्बान कर देश की आजादी की रक्षा की थी। राजस्थान में झुंझुनू जिले के बेरी गांव में 20 मई 1918 को ठाकुर लालसिंह शेखावत के घर जन्मे पीरूसिंह चार भाईयों में सबसे छोटे थे। पीरूसिंह राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी में हवलदार मेजर थे। 1947 के भारत- पाक विभाजन के बाद जब कश्मीर पर कबालियों ने हमला कर हमारी मातृभूमि का कुछ हिस्सा दबा बैठे तो कश्मीर नरेश ने अपनी रियासत को भारत में विलय की घोषणा कर दी। इस पर भारत सरकर ने अपनी भूमि की रक्षार्थ वहां सेना भेजी। इसी सिलसिले में राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी को भी टिथवाला के दक्षिण में तैनात किया गया था। 5 नवम्बर 1947 को भयंकर सर्दी के मौसम में यह बटालियन हवाई जहाज से वहां पहुंची। श्रीनगर की रक्षा करने के बाद उरी सेक्टर से पाक कबायली हमलावरों को खदेड़ने में इस बटालियन ने बड़ा साहसी कार्य किया था। मई 1948 में छठी राजपूत बटालियन ने उरी और टिथवाल क्षेत्र में झेलम नदी के दक्षिण में पीरखण्डी और लेडीगली जैसी प्रमुख पहाडियों पर कब्जा करने में विशेष योगदान दिया। इन सभी कार्यवाहियों के दौरान पीरूसिंह ने अद्भुत नेतृत्त्व और साहस का परिचय दिया। जुलाई 1948 के दूसरे सप्ताह में जब दुश्मन का दबाव टिथवाल क्षेत्र में बढने लगा तो छठी बटालियन को उरी क्षेत्र से टिथवाल क्षेत्र में भेजा गया। टिथवाल क्षेत्र की सुरक्षा का मुख्य केन्द्र दक्षिण में 9 किलोमीटर पर रिछ्मार गली था। जहां की सुरक्षा को निरन्तर खतरा बढ़ता जा रहा था।अतः टिथवाल पहुंचते ही राजपूताना राईफल्स को दारापाड़ी पहाड़ी की बन्नेवाल दाररिज पर से दुश्मन को हटाने का आदेश दिया गया था। यह स्थान पूर्णतः सुरक्षित था और ऊंची-ऊंची चट्टानों के कारण यहां तक पहुंचना कठिन था। जगह तंग होने से काफी कम संख्या में जवानों को यह कार्य सौंपा गया। 18 जुलाई को छठी राज राईफल्स ने सुबह हमला किया जिसका नेतृत्त्व हवलदार मेजर पीरूसिंह कर रहे थे। पीरूसिंह की प्लाटून आगे बढ़ती गई। उस पर दुश्मन की दोनों तरफ से लगातार गोलियां बरस रही थी।

अपनी प्लाटून के आधे से अधिक साथियों के मारे जाने पर भी पीरूसिंह ने हिम्मत नहीं हारी। वे लगातार अपने साथियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहे एवं स्वयं अपने प्राणों की परवाह न कर आगे बढ़ते रहे। वे अन्त में उस स्थान पर पहुंच गये जहां मशीन गन से गोले बरसाये जा रहे थे। उन्होंने अपनी स्टेनगन से दुश्मन के सभी सैनिकों को भून दिया जिससे दुश्मन के गोले बरसने बन्द हो गये। जब पीरूसिंह को यह अहसास हुआ कि उनके सभी साथी मारे गये तो वे अकेले ही आगे बढ़ चले। रक्त से लहू-लुहान पीरूसिंह अपने हथगोलों से दुश्मन का सफाया कर रहे थे। इतने में दुश्मन की एक गोली आकर उनके माथे पर लगी और गिरते- गिरते भी उन्होंने दुश्मन की दो खंदके नष्ट कर दी। अपनी जान पर खेलकर पीरूसिंह ने जिस अपूर्व वीरता एवं कर्तव्य परायणता का परिचय दिया था। वह भारतीय सेना के इतिहास में शौर्य का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय है। देश हित में पीरूसिंह ने अपनी विलक्षण वीरता का प्रदर्शन करते हुये अपने अन्य साथियों के समक्ष अपनी वीरता, दृढ़ता व मजबूती का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस कारनामे को विश्व के अब तक के सबसे साहसिक कारनामो में से एक माना जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने उस समय उनकी माता श्रीमती तारावती देवी को लिखे पत्र में लिखा था कि देश कम्पनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का मातृभूमि की सेवा में किए गए उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञ है।

# न्यूरोसाइंटिस्ट से लेकर सूमो रेसलर तक सबकुछ बनना चाहती

**मुंबई।** ऐक्ट्रेस सई मांजरेकर बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुपरहिट दबंग सीरीज की तीसरी फिल्म ÷दबंग 3÷ से फिल्मों में डेब्यू करने जा रहीं हैं। इस दौरान उनका कहना है कि उन्हें हमेशा से पता था कि उन्हें ऐक्टर बनना है। हालांकि उनका यह भी कहना है कि एक दौर ऐसा भी आया था जबकि वह अलग-अलग प्रफेशन के बीच में काफी कन्फ्यूज हो रही थीं। हाल में सई ने कहा, ÷एक दौर ऐसा था जबकि मैं न्यूरोसाइंटिस्ट से लेकर सूमो रेसलर तक सब कुछ बन जाना चाहता था।÷ वहीं जब सूमो रेसलर बनने के बारे में उनसे पूछा गया तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, ÷क्या आपने मेरे बचपन की तस्वीरें देखी हैं?÷ इसके बाद ÷दबंग 3÷ मिलने के बारे में सई ने कहा, ÷जिस दिन मुझे दबंग मिली थी वह दिन मैं हमेशा याद रखूंगी। सलमान सर के साथ काम करना बेहतरीन रहा और उन्होंने मुझे बहुत कुछ सिखाया है जो हमेशा मुझे जिंदगीभर याद रहेगा।÷ वहीं सई ने दबंग में अपने पहले सीन के शूट को याद करते हुए कहा, ÷वह एक बहुत आसान सीन था जिसमें चुलबुल पहली बार खुशी से मिलते हैं। सलमान सर ने सीन में मेरी मदद की और उस दिन को मैं कभी नहीं भूल सकती हूं।÷ बता दें कि सलमान की दबंग 3 को प्रभुदेवा ने डायरेक्ट किया है। इसमें सलमान और सई के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, अरबाज खान और सुदीप किच्चा मुख्य भूमिकाओं में



## एक सिंगल गाने में नजर आई जैकलीनबादशाह का गाना गेंदा फूल रिलीज हुआ

**मुंबई ।** बालीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज एक बार फिर एक सिंगल गाने में नजर आई हैं। जैकलीन और रैपर बादशाह का नया गाना %गेंदा फूल% रिलीज हो गया है। दिलचस्प है कि अक्सर हिंदी गानों में पंजाबी बोल सुनाई देते हैं, लेकिन इस गाने में बंगाली लिरिक्स सुनाई दे रहा है। इस गाने में जैकलीन पारंपरिक बांगाली %लाल पार% साड़ी में नजर आ रही हैं। %गेंदा फूल% कुछ देर पहले ही यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। गाने में जैकलीन बंगाली अवतार में दिख रही हैं और काफी खूबसूरत भी लग रही हैं। गेंदा फूल को बादशाह और पायल देव ने गाया है। वहीं बादशाह ने ही इस गाने का म्यूजिक भी दिया है। इस गाने को लिखा भी बादशाह ने ही है। आप भी देखें ये नया गाना। जैकलीन लंबे समय से फिल्मों में नजर नहीं आ रही हैं। वह आखिरी बार सलमान खान के साथ फिल्म %रेस% में दिखी थीं। इस बीच वह सिंगल म्यूजिक सॉन्ग में नजर आ रही हैं। पूर्व में जेकलीन बिग बॉस के चर्चित कंटेस्टेंट आसिम रियाज के साथ एक गाने %मेरे अंगने में% में नजर आई थीं।

## आइकॉनिक सीरियल रामायण का प्रसारण एप पर भी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने लोगों की मांग देखकर डीडी नेशनल पर %रामायण% का प्रसारण को लेकर जानकारी दी थी। बता दें,शनिवार से डीडी नेशनल चैनल पर %रामायण% का पुनः प्रसारण शुरु हो चुका है। हाल ही में प्रसार भारती ने भी इस लेकर एक ट्वीट कर जानकारी दी गई है कि रामायण% का प्रसारण अब एप पर भी किया जाएगा। प्रसार भारती ने लिखा, ÷रामायण देखने के लिए न्यूज ऑन एयर एप को क्यूआर कोड को स्केन करके डॉउनलोड करें। 21 दिनों के लॉकडाउन में आइकॉनिक सीरियल %रामायण का आंनद ले। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भी दर्शकों को रामायण देखने की याद दिलाकर एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, ÷डीडी नेशनल पर सुबह 9 बजे और रात को 9 बजे %रामायण% और डीडी भारती पर दोपहर 12 बजे और शाम 7 बजे %महाभारत का आनंद ले। जावड़ेकर के इस ट्वीट पर फैंस के खूब रिएक्शन आ रहे हैं। रामायण धारावाहिक 90 की दशक में दूरदर्शन के राष्टीय चैनल पर दिखाया जाता था। रामानंद सागर की %रामायण% ने ऐसा करिश्मा कायम किया था, जिसकी चर्चा आज भी होती है। इस सीरियल के आने के दौरान लोग टीवी के सामने बैठ जाते थे और सड़के एवं गलियां सुनसान हो जाती थी। कई लोग श्रद्धा के कारण हाथ जोड़कर शो को देखते थे। लोग सीरीयल में काम करने वाले कलाकार अरुण गोविल (राम), दीपिका (सीता) को भगवान की तरह पूजते भी थे।



# सोनम कोरोना महामारी के बीच पहुंची लंदन

अभिनेत्री सोनम कपूर आहूजा कोरोना महामारी के बीच लंदन पहुंच गई हैं। यह जानकारी इंस्टाग्राम के जरिए मिली। सोनम ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें उन्हें पति आनंद आहूजा के साथ फ्लाइट में मास्क पहने हुए देखा जा सकता है। उनके हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट से पता चलता है कि वह लंदन में हैं। फ्लाइट की खिड़की से ली गई लंदन की बुमरेंग को शेयर करते हुए सोनम ने लिखा कि ÷लंदन मैं वापस आ गई हूं। इतना सुंदर।÷ बता दें कि इससे पहले सोनम ने दिल्ली स्थित ससुराल में लॉकडाउन के कारण तीन महीने समय बिताया था, जिसके बाद वह अपने जन्मदिन से पहले अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ मुंबई के लिए चली गई थीं। वहीं, वर्कफ्रंट पर सोनम को आखिरी बार फिल्म %द जोया फैक्टर% में देखा गया था।


# सुशांत की दिलल बेचारा के ट्रेलर ने यूट्यूब पर बनाया नया रेकॉर्ड



मुंबई (ईएमएस)। सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म %दिल बेचारा% के ट्रेलर ने यूट्यूब पर नया रेकॉर्ड बनाया है। यह ट्रेलर इस प्लैटफॉर्म पर 10 मिलियन यानी 1 करोड़ लाइक्स पाने वाला पहला ट्रेलर बन चुका है। मुकेश छाबड़ा ने जहां सुशांत की इस फिल्म से निर्देशन में डेब्यू किया है वहीं संजना सांघी ने भी उनकी इस फिल्म से इस इंडस्ट्री में कदम रखा है। इस ट्रेलर पर 5 लाख से ज्यादा लोगों ने कॉमेंट भी किया है। बता दें कि 2 मिनट 43 सेकंड के इस ट्रेलर को यूट्यूब पर 7 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं। वहीं, लुईस फोनसी का डैडी यांकी स्टारर गाना यूट्यूब पर सबसे ज्यादा लाइक पाने वाला वीडियो है, जिसे अब तक 3.8 करोड़ से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। %दिल बेचारा% फिल्म की कहानी लेखक जॉन ग्रीन के फेमस नोबल पर बेस्ड हॉलिवुड फिल्म %द फॉल्ट इन आवर स्टार्स% का अडॉप्शन है। %दिल बेचारा% किज़ी और मैनी की कहानी है, जिसमें दिखाया गया है कि किज़ी और मैनी (सुशांत सिंह राजपूत) दोनों ही कैंसर से पीड़ित होते हैं, जिन्हें एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। फिल्म के ट्रेलर में सुशांत और संजना की केमिस्ट्री को बड़े ही शानदार तरीके से दिखाया गया है। ट्रेलर के हर सीन में इमोशन है, जो दिल छू जाते हैं। बता दें कि फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत की जबरदस्त ऐक्टिंग शानदार लग रही है, इसके साथ ही संजना संघी ने भी काफी शानदार तरीके से किज़ी की भूमिका निभाई है।

## पारस-माहिरा के इश्क के इजहार का रोमांटिक वीडियो वायरल

**मुंबई।** छोटे पर्दे के सबसे चर्चित वीडियो बिग बॉस 13 में सबसे हॉट जोड़ी रही पारस छाबड़ा और माहिरा शर्मा की दोस्ती कायम है। दोनों के साथ में दो म्यूजिक वीडियो रिलीज हो चुके हैं। अब उनका तीसरा सॉन्ग भी जल्द रिलीज होने वाला है। इन दिनों पारस और माहिरा अपने नए गाने के लिए शूट कर रहे हैं। पिछले दो गानों की तरह ये भी एक रोमांटिक वीडियो होने वाला है। शूट का एक बिहाइंड द सीन वीडियो फैनक्लब पर वायरल हो रहा है। इसमें पारस-माहिरा की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिलती है। पारस माहिरा को घुटनों पर बैठकर प्रपोज करते हैं। पारस के प्यार के इजहार का ये वीडियो फैंस के बीच वायरल है। पारस माहिरा को रिंग के साथ प्रपोज करते हैं, वहीं माहिरा ब्लश करने लगती हैं और उनका प्रपोजल स्वीकार करती हैं। पारस-माहिरा के शूट का ये वीडियो सामने आने के बाद फैंस इस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वीडियो में माहिरा ग्रीन थाई स्लिट गाउन में स्टनिंग दिख रही हैं। पारस-माहिरा के इससे पहले रिलीज हुए दोनों म्यूजिक वीडियो (बारिश और हैशटैग लव सोणिए) हिट हुए थे। पारस-माहिरा की दोस्ती बिग बॉस 13 के सेट पर हुई थी। दोनों पहले दिन से साथ थे। बाद में उनकी बॉन्डिंग स्ट्रॉन्ग होती चली गई। पारस और माहिरा ने गेम के हर मोड़ पर एक-दूसरे का साथ दिया। पारस ने पिछले दिनों एक पोस्ट शेयर कर माहिरा शर्मा का उनकी जिंदगी में आने के लिए शुक्रिया किया था। पारस-माहिरा अक्सर साथ में हैंगआउट करते हैं। वे अपनी साथ में तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं।



# अपने ही इंटीमेट सीन देखकर डर गई श्वेता तिवारी



**मुंबई।** पर्दे पर इंटीमेट सीन को परफॉर्म करने वाले एक्टर्स को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि आज-कल तो ऐसे सीन्स सिर्फ फिल्मों ही नहीं टीवी और वेब सीरीज में भी आम सी बात हो गए हैं। हाल ही में मशहूर टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने भी ऐसा ही एक सीन अपनी आने वाली वेब सीरीज में दिया है। बता दें ?कि उन्होंने अपने पूरे करियर में पहली बार इंटीमेट सीन और किसिंग सीन करने जा रही हैं। वहीं अब उन्होंने बताया कि ऐसे सीन करने में उन्हें कैसी-कैसी दिक्कतें उठानी पड़ीं, वहीं जब उन्होंने इसका ट्रेलर देखा तो डर ही गई। ?फिलहाल वह एकता की ही एक नई वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं।÷हम तुम एंड देम÷ नाम की इस सीरीज में श्वेता, अभिनेता अक्षय ओबेरॉय के साथ जबरदस्त इंटीमेट और किसींग सीन देती दिखाई देंगी। हाल ही में इसे लेकर श्वेता ने अपने पहले इंटीमेट सीन का एक्सपीरिएंट शेयर किया है। श्वेता ने बताया कि ÷जब इस सीरीज का प्रोमो लाइव हुआ तो मैं थोड़ी डर गई थी। मैंने मेकर्स को बुलाया और पूछा ये क्या है? मुझे ट्रेलर पसंद नहीं आया।÷ उन्होंने आगे कहा ?कि ÷मुझे नहीं समझ आ रहा था कि ये ट्रेलर मैं अपनी मां, परिवार और अपने दोस्तों को कैसे दिखाउंगी. फिर मैंने अपनी बेटी को ये ट्रेलर भेजा और उसे ईमानदारी से इस ट्रेलर पर राय देने के लिए कहा है।÷ वहीं श्वेता की बेटी पलक ने जो रिएक्शन दिया वो उनके लिए वाकई सरप्राइज था इसके साथ ही श्वेता ने बताया कि ÷मेरी बेटी ने कहा वाह मां ट्रेलर बहुत ही शानदार है। इसके बाद मैंने ट्रेलर शेयर किया और मेकर्स को भी फोन कर उन पर चिल्लाने के लिए माफी मांगी। श्वेता मानती हैं कि एक्टर्स के लिए ये समय काफी रोमांचक है क्योंकि उनके पास आज काम के लिए कई तरह की वैराइटीज हैं। ले?किन बता दें कि अक्षय ओबेरॉय के साथ ÷हम तुम और देम÷ सीरीज के अलावा वह एक टीवी सीरियल भी कर रही हैं। जो इन दिनों काफी सुर्खियों में है। ?जिसका नाम ÷मेरे डैड की दुल्हन÷ है, जिसमें वो गुनीत का किरदार निभा रही हैं। इन दोनों ही प्रोजेक्ट्स में वह अलग-अलग तरह के किरदार निभा रही हैं।

## अनन्या पांडे को पसंद है दीपिका पादुकोण की खुशबू



दीपिका पादुकोण के स्टाइल से न सिर्फ आम लड़कियां बल्कि खुद सिलेब्रिटीज भी प्रभावित होते हैं। लेकिन अनन्या दीपिका की खुशबू की भी फैन हैं। दरअसल, एक इवेंट में पहुंची अनन्या से परफ्यूम को लेकर सवाल किया गया था। इस पर अनन्या ने बताया कि उनके लिए %स्मेल% मायने रखती है। उन्होंने कहा कि किसी के कपड़ों से पहले भी लोगों का ध्यान उसकी खुशबू पर जाता है,इसलिए वह हमेशा अपने साथ परफ्यूम कैरी करती हैं। अनन्या ने बताया कि उन्हें दीपिका पादुकोण की खुशबू सबसे ज्यादा पसंद है। अनन्या ने कहा कि दीपिका का सेंट ब्यूटीफुल है,जो उन्हें अलग ही खुशबू देता है। अनन्या से पूछा गया कि ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि दीपिका फिर से करण जौहर के साथ काम करने जा रही हैं। अगर उन्हें दीपिका के साथ काम करने का मौका मिले तो वह क्या करेंगी। इस पर अनन्या ने कहा कि दीपिका उनकी फेवरिट अभिनेत्री में से एक हैं। उनके साथ काम करने का मौका पाना उनके लिए बड़ी बात होगी। अगर ऐसा होता है तो वह काफी खुशी महसूस करेंगी।



इंडोनेशिया में एक बाढ़ग्रस्त इलाके से अपना सामान लेकर निकलते हुए लोग।

# चीन के खिलाफ हर मोर्चे पर साथ देगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** एक दिन पहले ही चीन के खिलाफ हांगकांग स्वायत्तता कानून पर हस्ताक्षर के बाद अब अमेरिका ने चीन को एक और कड़ा संदेश दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अगर चीन मित्र देशों को परेशान करने की कोशिश करेगा तो वह दक्षिण चीन सागर से हिमालय तक अपने मित्र देशों के साथ खड़ा होगा। वर्तमान परिस्थितियों के मुताबिक अमेरिका ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह हर स्थिति में भारत के साथ खड़ा रहेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि जब दुनिया कोविड से लड़ रही है तो चीन ने अपने नापाक अभियान को और बढ़ा दिया है। उसे लगता है कि वह जो कर रहा है, वही सही है। ऐसे में दक्षिण चीन सागर के मुद्दों का प्रभाव आर्कटिक, हिंद महासागर,



भूमध्यीय सागर के साथ अन्य जलमार्गों पर भी पड़ता है। अमेरिका चीन को लेकर अब कड़ा रुख अख्तियार कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यूएस में हांगकांग स्वात्तता कानून पर हस्ताक्षर हुए जो कि उसे चीन को अत्याचार के लिए जिम्मेदार ठहराने के ज्यादा अधिकार देने वाला है। ट्रंप ने कहा कि चीन विकासशील देश के नाम पर फायदा उठाता रहा है। उसने अमेरिका का फायदा उठाया लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अमेरिका ने हांगकांग से तरजीही व्यापार का दर्जा भी छीन लिया। डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना वायरस के लिए भी चीन को एक बार फिर जिम्मेदार ठहराया।

# पाकिस्तान जाधव को तीसरी राजनयिक पहुंच प्रदान करने को तैयार : कुरैशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि इस्लामाबाद भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव के साथ तीसरी मुलाकात की सुविधा प्रदान करने के लिए तैयार है ।इसकी जानकारी पाकिस्तानी मीडिया से मिली है। इसके एक दिन पहले ही भारत ने कहा था कि पाकिस्तान में मौत की सजा का सामना कर रहे जाधव को दी गई, दूसरी राजनयिक पहुंच न तो अर्थपूर्ण थी और न ही विश्वसनीय। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को भारतीय नौसेना के 50 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव को दूसरी राजनयिक पहुंच प्रदान की थी इस पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने जासूसी और आतंकवाद के आरोपों में अप्रैल 2017 में मौत की सजा सुनाई थी। भारत सरकार ने कहा था कि दूसरी राजनयिक पहुंच ''न तो अर्थपूर्ण थी और न ही विश्वसनीय'' तथा जाधव देखने से तनाव में लग रहे थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने दिल्ली में कहा, राजनयिक अधिकारियों को बेरोकटोक, निर्बाध और बिना किसी शर्त के जाधव तक पहुंच नहीं प्रदान की गई।'' पाकिस्तान के विदेश मंत्री कुरैशी ने हालांकि कहा कि भारतीय राजनयिक अधिकारियों को नई दिल्ली की इच्छा के अनुसार जाधव तक पहुंच प्रदान की गई ।खबर के अनुसार कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान भारत को एक और राजनयिक पहुंच प्रदान करने को तैयार है। कुरैशी ने कहा,उन्होंने मुलाकात के दौरान सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी पर आपत्ति जाहिर की थी, हम उन अधिकारियों को भी हटाने को तैयार हैं। भारत यदि एक और पहुंच चाहता है,तब हमारी पेशकश खुली हुई है। यदि वे (भारत) उनसे आज रात या कल मिलना चाहते हैं, हम तैयार हैं। हालांकि इसके बारे में न तो भारत और न ही पाकिस्तान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि हुई है कि इस निर्णय के बारे में नयी दिल्ली को सूचित किया गया है या नहीं।

## फोर्ट लॉडरडेल में कुलांचे भर रहे कंगारू को पुलिस ने पकड़ा

**फोर्ट लॉडरडेल।** फोर्ड लॉडरडेल में पुलिस अधिकारियों को गुरुवार को किसी संदिग्ध व्यक्ति को नहीं, बल्कि एक कंगारू को पकड़ने के लिए कॉल आया। उन्होंने गुरुवार की सुबह सड़क पर कुलांचे भर रहे कंगारू को पकड़ लिया। इस इलाके में कंगारू की मौजदूगी असंभव है। फोर्ट लॉडरडेल पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में कंगारू आजाद टहल रहा है ।इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने कंगारू को पकड़कर गाड़ी में रखा। पुलिस कंगारू को अभी फिलहाल उस बाड़े में ले गई है, जहां वे अपने घोड़ों को रखते हैं ।खबर के मुताबिक एंथनी मासियास नाम के व्यक्ति ने कंगारू के मालिक होने का दावा करते हुए बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि वह अपने पालतू जानवर जैक को हासिल करके फिर से घर ले जा सकूंगा।

# टिकटॉक अविश्वनीय, भारत की तरह प्रतिबंधित करें, अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप को लिखा पत्र

**वाशिंगटन।** चीन की बढ़ती चौधराहट को लेकर दुनिया लामबंद हो रही है। अमेरिकी सांसदों ने भी राष्ट्रपति ट्रंप को एक चिट्ठी लिख टिकटॉक को अविश्वनीय करार देते हुए भारत की तरह इसे प्रतिबंधित करने के लिए पत्र लिखा है। अमेरिका लगातार चीन के खिलाफ बयानबाजी कर रहा है। इस बीच अमेरिकी कांग्रेस के 25 सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें मांग की गई है कि अब वक्त आ गया है कि अमेरिका को भी भारत जैसा सख्त फैसला लेना चाहिए और देश में टिकटॉक समेत चीन के अन्य ऐप्स पर बैन लगा देना चाहिए। इस चिट्ठी में कहा गया है कि जून में



भारत ने चीन के खिलाफ बड़ा कदम उठाया, राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर टिकटॉक जैसी कई मोबाइल ऐप पर बैन लगा दिया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का एक ही मकसद है कि लोगों का डाटा इकट्ठा किया जाए और जानकारी जुटाई जाए, जिसके खिलाफ भारत सरकार ने फैसला लिया। डोनाल्ड ट्रंप से अपील की गई है कि अमेरिका को टिकटॉक पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है, जो वेबसाइट या ऐप्स अमेरिका के लिए खतरा हो उन्हें तुरंत बैन करना चाहिए। जैसे भारत ने किया है। आपको बता दें कि अगले हफ्ते अमेरिकी सीनेट में इसको लेकर वोटिंग भी होनी है। एक सीनेटर के द्वारा प्रस्ताव लाया गया है जिसमें टिकटॉक को बैन करने की मांग की गई है। इस पर अगले हफ्ते सभी सीनेटर वोट करेंगे। भारत सरकार की ओर से पिछले महीने चीन के कुल 59 ऐप्स पर बैन लगाया गया था, जिसमें टिकटॉक भी शामिल था। आरोप था कि ये सभी ऐप्स पर्सनल डाटा चुराते हैं, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

# कुलभूषण को कॉन्सुलर ऐक्सेस पर पाक की असलियत

इस्लामाबाद। भारतीय नौसेना के रिटायर्ड अधिकारी कुलभूषण जाधव को जासूस ठहराने वाले पाकिस्तान ने बुधवार को उन्हें मौत की सजा के खिलाफ अपील करने की इजाजत देकर सबको हैरान कर दिया था। इसके बाद गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत को राजनयिक पहुंच भी दे दी। हालांकि, इसके तहत जब भारतीय राजनयिक जाधव से मिलने पहुंचे तो पाकिस्तान ने अपना असली रंग दिखाते हुए चाल चल दी। न सिर्फ उसने बैठक को लेकर किए वादे तोड़ बल्कि बाद में पाक के विदेश मंत्री शाह महमूद करैशी ने यहां तक कह डाला कि भारतीय राजनयिक जाधव की बात सुने बिना वहां से फरार हो गए। पाकिस्तान ने गुरुवार को भारत को दूसरी बार राजनयिक पहुंच दी थी। इसके बाद एक गुप्त जेल में जाधव को शिफ्ट किया गया जहां भारतीय राजनयिकों गौरव अहलूवालिया और चेराकुंग जेलियांग को मुलाकात के लिए ले जाया गया। मुलाकात के बाद भारतीय अधिकारियों ने बताया कि कैसे उन्हें जाधव से फांसी की पुनर्विचार याचिका पर साइन कराने से रोका गया। पाकिस्तानी अधिकारी मुलाकात के दौरान डराते-धमकाते रहे ।वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने पूरे वाकये को लेकर कुछ और ही कहानी सुनाई है।



कुरैशी ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत मुलाकात कराई लेकिन भारतीय अधिकारी जाधव की पुकार को अनसुना कर वहां से फरार हो गए। कुरैशी ने पाकिस्तानी मीडिया से बात करते हुए कहा है, हमसे समझौता किया गया कि राजनयिक पहुंच दी जाए। आज 3 बजे हमने दोबारा बेरोकटोक राजनयिक पहुंच दी। भारत ने जो समझौता किया था कि कोई दबाव न हो, पिछले बार जैसे कांच की दीवार से फोन पर बात कराई थी, वह न हो, वीडियो रिकॉर्डिंग भी न हो। भारत ने जो समझौता किया था, अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों का पालन करते हुए हमने वह माहौल दिया और उनको पहुंच दी। कुरैशी ने आगे भारत पर आरोप मढ़ते हुए कहा, भारत बहाने तलाश कर रहा है।



न्यूयॉर्क के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में प्रवेश के लिए कतार में लगे लोग।

# चीन ने हांगकांग से आने वाले लोगों पर नए प्रतिबंध लगाए

**बीजिंग।** हांगकांग से चीन आने से पहले लोगों को कोरोना से संक्रमित ना होने का प्रमाणपत्र देना होगा ।साथ ही 14 दिन तक पृथक भी रहना होगा। चीन ने अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देख नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। नोटिस के अनुसार, कोविड-19 की जांच, आने से तीन दिन पहले कराई जानी चाहिए। इसमें छात्रों, रोजाना सीमा पार करने वाले ट्रक चालकों सहित ''विशेष उद्योगपतियों और द्विपक्षीय नीतियों के तहत मान्यता प्राप्त लोगों को पृथक रहने के नियम से छूट दी गई है। नए प्रतिबंध शुक्रवार सुबह 10 बजे से लागू होगा। हांगकांग में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के सर्वाधिक 67 नए मामले सामने आए थे।

# सर्वे में बाइडेन से फिर पिछड़े ट्रंप, अंतर बढ़ा तब हो सकती हैं हार

**वॉशिंगटन।** कोरोना संकटकाल में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीति जोरों पर है। इस बीच ताजा सर्वे के अनुसार रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने पिछड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। अगर यह अंतर चुनाव तक बना रहता हैं,तब ट्रंप को हार का भी सामना करना पड़ सकता है। एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में राष्ट्रपति ट्रंप प्रतिद्वंदी जो बाइडेन से 15 अंकों से पीछे चल रहे हैं। सर्वेक्षण में रजिस्टर्ड वोटर्स में से 52 फीसदी लोगों ने बाइडेन के समर्थन की बात कही। वहीं केवल 33 फीसदी मतदाताओं ने ही ट्रंप को समर्थन देने की बात कही। अमेरिका के चुनाव में अर्थव्यवस्था के बाद चीन भी बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर हुए




सर्वेक्षण में जो बाइडेन अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप से आगे निकलते दिखाई दे रहे हैं ।सर्वे में बाइडेन को 51 फीसदी लोगों ने अपना समर्थन दिया, जबकि, ट्रंप को 40 फीसदी लोगों का समर्थन मिला। माना जा रहा है कि अर्थव्यवस्था को लेकर वोटर ट्रंप के काम से नाराज हैं। विज्ञापनों की समीक्षा करने वाले जानकार के अनुसार, अमेरिकी चुनाव में दोनों उम्मीदवारों के बीच कांटे का टक्कर होगी। राष्ट्रपति चुनाव में अर्थव्यवस्था और कोरोना से निपटने के कदमों के साथ ही चीन तीसरा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा है। दोनों प्रतिद्वंदी चीन को लेकर कड़े तेवर दिखा रहे हैं। इसे लेकर दोनों के चुनाव प्रबंधन समिति ने कई विज्ञापन भी जारी किए हैं। ट्रंप के चुनावी अभियान प्रबंधकों ने इस तरह के विज्ञापन निकाले हैं,इसमें बाइडेन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आवभगत में लगे हैं। वहीं, दूसरी तरफ बाइडेन के चुनावी अभियान की ओर से ट्रंप को कोरोना को हल्के में लेकर महामारी के बारे में पारदर्शी रहने को लेकर जिनपिंग की सराहना करते हुए दिखाया गया है। जबकि, यह स्पष्ट है कि चीन ने महामारी के बारे में दुनिया के सामने विवरण देर से साझा किए।

## वर्चुअल ग्रीष्मकालीन महोत्सव में नजर आयेंगी सानिया



**नई दिल्ली ।** जापान की टेनिस स्टार नाओमी ओसाका और भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा 24 जुलाई से शुरू होने वाले वर्चुअल ग्रीष्मकालीन महोत्सव में भाग लेंगी। तोक्यो में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के 2021 तक स्थगित किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी), अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) और एयरबीएनबी यह विशेष कार्यक्रम लेकर आ रहे हैं जिसमें खिलाड़ी पहली बार अपने अनुभवों को साझा करेंगे। यह कार्यक्रम पांच दिन तक चलेगा जिसमें कई तरह के परस्पर संवाद वाले ऑनलाइन अनुभव साझा किए जाएंगे। इन ऑनलाइन अनुभवों में ओसाका के साथ पृथकवास में अभ्यास की झलकियां, सानिया के साथ ग्रैंडस्लैम से प्रेरित प्रशिक्षण कार्यक्रम, ब्रिटिश एथलीट जॉनी ब्राउनली तथा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन एलिसन फेलिक्स के साथ बातचीत शामिल होगी।



साओ पाउलो में खाली पड़े स्टैंड में एक प्रशंसक का कटआउट लगा हुआ।

## दुबई में लग सकता है भारतीय टीम का अभ्यास शिविर



**मुम्बई ।** कोरोना वायरस महामारी के कारण भारतीय क्रिकेट टीम पिछले तीन माह से अधिक समय से खेल से दूर है। देश में जिस प्रकार कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं उसको देखते हुए अभ्यास शिविर जल्द शुरु होना संभव नजर नहीं आ रहा है। इसको देखते हुए अब भारतीय टीम को अभ्यास के लिए विदेश भेजा जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई क्रिकेटरों को अभ्यास के लिए दुबई सहित उन जगहों पर भेज सकती है जहां कोरोना के मामले कम हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई दुबई में भारतीय टीम के प्रैक्टिस शिविर का आयोजन करने पर विचार कर रही है। भारतीय टीम प्रबंधन किसी भी सीरीज से 6 सप्ताह का अभ्यास शिविर चाहती है। भारत में कोरोना वायरस के हालातों को देखकर फिलहाल ये सब संभव नहीं दिखाई दे रहा। ऐसे में अब टीम अभ्यास के लिए दुबई भेजी जा सकती है हालांकि अभी तक इस बारे में आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है। इससे पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा था कि उन्होंने उन्होंने लाकडाउन के दौरान घर में रहकर ही अभ्यास किया है पर काफी समय बाद मैदान में उतरने के कारण लय में वापस आने में समय लग सकता है। वहीं अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो वह घर पर रहते हुए खुद को फिट रखने की कोशिश तो करते दिखाई दिए लेकिन अभ्यास के अभाव के कारण उन पर भी असर होगा और यही कारण है कि बीसीसीआई जल्द से जल्द भारतीय टीम के शिविर लगाने की तैयारी में है जिसके लिए विदेश का रूख भी किया जा सकता है।

# सिबली और स्टोक्स ने इंग्लैंड को संभाला



**मैनचेस्टर।** डोम सिबली और बेन स्टोक्स की अच्छी बल्लेबाजी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में 82 ओवर में 3 विकेट पर 207 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय सलामी बल्लेबाज डोम सिबली 86 और ऑलराउंडर बेन स्टोक्स 59 रन बनाकर खेल रहे थे। इस मैच में टॉस जीकर मेजबान इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआत में ही तीन विकेट 81 रन पर गंवाने के बाद शानदार वापसी करके कैरेबियाई गेंदबाजों पर दबाव बनाया । इसके बाद सिबली और स्टोक्स ने पारी को संभाला। ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने 119 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद स्टोक्स और सिबली के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी पूरी हो गई। बली ने अपना लगातार दूसरा टेस्ट अर्धशतक लगाया। उन्होंने 164 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पिछले टेस्ट में भी अर्धशतक लगाया था। सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स 15 रन बनाकर आउट हुए । पारी के 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर चेज ने इंग्लैंड टीम को पहला झटका दिया। हालांकि बर्न्स ने रिव्यू लिया लेकिन वह असफल रहे। उन्होंने 35 गेंदों पर 1 चौके की मदद से कुल 15 रन बनाए। इंग्लैंड का पहला विकेट 29 के टीम स्कोर पर गिरा, जिसके तुरंत बाद लंच ब्रेक लिया गया। स्पिनर रोस्टन चेज ने लंच के बाद इंग्लैंड का दसरा विकेट लिया। युवा बल्लेबाज जैक क्रॉली खाता खोल बिना ही जेसन होल्डर का शिकार हुए। वहीं कप्तान जो रूट अपनी वापसी में असफल रहे। उन्हें अलजारी जोसेफ ने आउट किया। उस समय रुट का स्कोर 23 रन था। खराब मौसम के कारण टॉस देर से शुरु हुआ। इससे पहले दिन के खेल में 7 ओवर की कटौती की गई है और अब 83 ओवर का खेल होगा। जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने के कारण इस मैच में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शामिल नहीं किया गया है। वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज ने दो जबकि जोसेफ ने एक विकेट लिया।

# साल के अंत में रग्बी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा न्यूजीलैंड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड इस साल के अंत में रग्बी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। इसमें दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया की टीमें भाग लेंगी। आयोजकों के अनुसार दौरा करने वाली राष्ट्रीय टीमों को पृथकवास में सुरक्षित रूप से रहने और ट्रेनिंग की सुविधायें मिल सकती हैं। रग्बी खेल का संचालन करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था सानजार ने गुरूवार को न्यूजीलैंड में मैच खेलने के संकेत दिये क्योंकि 2020 में टूर्नामेंट के आयोजन के लिये यही सबसे बेहतर विकल्प है। पहले आस्ट्रेलिया में टूर्नामेंट आयोजित



करने पर लगी थीं लेकिन विक्टोरिया राज्य में कोरोना मामलों के तेजी से बढ़ने और न्यू साउथ वेल्स में भी मामले आने से अब ऐसा असंभव ही है। वहीं न्यूजीलैंड में लगभग कोरोना वायरस के मामले तकरीबन समाप्त हो गये हैं। सानजार मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंडी मैरिनोस ने कहा कि इस साल रग्बी चैम्पियनशिप के आयोजन के लिये न्यूजीलैंड सर्वश्रेष्ठ जगह है। उन्होंने कहा, ''सानजार न्यूजीलैंड रग्बी से मिलकर योजना बना रहा है जो न्यूजीलैंड सरकार की मंजूरी हासिल करने में जुटी है। उम्मीद करते हैं कि निकट भविष्य में इसकी विस्तृत जानकारी की घोषणा की जायेगी। ''न्यूजीलैंड के खेल मंत्री ग्रांट रोबर्टसन ने कहा कि चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिये चर्चा चल रही है।

## सितंबर में यूएई में खेला जाएगा आईपीएल

**मुम्बई।** देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए माना जा रहा है कि अब इंडियान प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट 26 सितम्बर से लेकर 6 नवम्बर के बीच यूएई में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 6 नवम्बर को होगा। बीसीसीआई ने हालांकि अभी कार्यक्रम की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। आईपीए 29 मार्च से शुरु होना था पर कोरोना महामारी के कारण यह स्थगित हो गया अब जबकि इस साल टी20 विश्व कप की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं बीसीसीआई इसका आयोजन कर रहा है। माना जा रहा है कि बीसीसीआई ने आईपीएल के 13 वें सत्र का पूरा कार्यक्रम तैयार कर लिया है। यह भी अनुमान हैं कि अगस्त के पहले सप्ताह में आईपीएल का पूरा कार्यक्रम जारी किया जा सकता है। इससे पहले गुरुवार को कहा गया था कि आईपीएल में हिस्सा लेने वाले सभी क्रिकेटरों को अभ्यास के लिए यूएई भेजा जा सकता है।

# स्वान ने की टीम इंडिया की सराहना

**कोलकाता ।** इंग्लैंड के पूर्व ऑफ स्पिनर ग्रीम स्वान ने टीम इंडिया की जमकर तारीफ की है। स्वान ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम को समेटने में सक्षम है। स्वान ने कहा कि भारत की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा और मोहम्मद शमी में विरोधी टीम को ध्वस्त करने की क्षमता है। स्वान ने कहा, ''यह भारतीय टीम इस गेंदबाजी आक्रमण की बदौलत इस समय दुनिया की किसी भी टीम को सस्ते में समेट देगी। इस समय वे जिस तरह की गेंदबाजी कर रहे हैं और मैं इस पर कायम हूं, यह शानदार है। ''स्वान ने कहा कि इंग्लैंड ने स्टुअर्ट ब्राड को टीम से बाहर रखकर गलत चयन किया। स्वान ने कहा, ''मुझे लगता है कि इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हल्के में लिया और उन्होंने गलत टीम चुनी। इंग्लैंड ने स्टुअर्ट ब्राड को बाहर कर गलत टीम चयन किया। मैं इसे लगातार कहता रहूंगा। स्टुअर्ट ब्राड को नहीं खिलाकर इंग्लैंड ने अपने पूरे गेंदबाजी आक्रमण को धारहीन बना दिया।



# डीजल के दाम में 15 से 17 पैसे का इजाफा



**नई दिल्ली।** महंगाई से जूझ रही जनता को आज सरकारी तेल कंपनियों से राहत मिली है। आज देश में पेट्रोल की कीमत में कोई तब्दीली नहीं की गई है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पहले के तरह ही हैं। हालांकि डीजल के दामों में आज 15 से 17 पैसे तक का इजाफा हुआ है। बता दें कि बीते चार दिनों से डीजल के दाम में हो रही वृद्धि के बाद राष्टीय राजधानी दिल्ली में डीजल का दाम पेट्रोल से करीब 70 पैसे महंगा हो गया था। इससे पहले रविवार को तेल कंपनियों ने डीजल की कीमत में 16 पैसे प्रति लीटर और सोमवार को 11 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की बढ़ोतरी की थी। आज दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 80.43 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, डीजल की कीमत 81.35 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल की कीमत क्रमश- 82.10, 87.19 और 83.63 रुपये प्रति लीटर है।

## खराब सामग्री से उत्पाद बनाने का आरोप लगने पर बर्गर किंग ने माफी मांगी

**बीजिंग ।** बर्गर किंग कंपनी की चीन स्थित इकाई ने अपने उत्पाद में खराब सामग्री का इस्तेमाल करने पर सार्वजनिक रूप में माफी मांगी है और सरकार के साथ जांच में सहयोग का वादा किया है। सरकारी टीवी चैनल ने इस बात का खुलासा किया था कि बर्गर किंग ने अपने उत्पाद में खराब हो चुकी सामग्री का इस्तेमाल किया है। नेनचांग शहर में गुरुवार को आयोजित वार्षिक उपभोक्ता सुरक्षा कार्यक्रम में बर्गर किंग की आलोचना की गई थी। सरकारी मीडिया के अनुसार नेनचांग, बीजिंग, शंघाई और अन्य क्षेत्रों में बर्गर किंग की दुकानों की जांच के आदेश दिए गए हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बर्गर किंग ने कहा कि नेनचांग की दुकान फ्रेंचाइजी द्वारा चलाई जा रही थी।

# सेंसेक्स 200 अंक चढ़ा निफ्टी 10,800 के पार

मुंबई। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से शुक्रवार के कारोबारी ?दिन प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स में शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 217.95 अंक की तेजी के साथ 36,689.63 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 71.50 अंक बढ़कर 10,811.45 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक चार प्रतिशत की तेजी टाटा स्टील में हुई। इसके अलावा



ओएनजीसी, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, एचडीएफसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक भी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंफोसिस, टीसीएस, एमएंडएम और टेक महिंद्रा में गिरावट देखने को मिली। पिछले सत्र में बीएसई सेंसेक्स 419.87 अंक बढ़कर 36,471.68 पर और निफ्टी 121.75 अंक बढ़कर 1039.9.95 पर बंद हुआ था। विदेशी संस्थागत निवेशक गुरुवार को पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता थे और शेयर बाजार के अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक उन्होंने सकल आधार पर 1,091.08 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची। कारोबारियों के मुताबिक कुछ चुनिंदा शेयरों में सकारात्मक आय रिपोर्ट के कारण खरीद हुई, हालांकि कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण सतर्कता भी बरती जा रही है।इस बीच हांगकांग और सियोल के शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि शंघाई और टोक्यो लाल रंग में थे।



# संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिए इंसीडेंट कमांडर अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें

## कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इंसीडेंट कमांडरों की बैठक में दिए निर्देश

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों में इंसीडेंट कमांडर की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सभी इंसीडेंट कमांडर अपने-अपने क्षेत्र में संक्रमण की रोकथाम के लिए की जा रही गतिविधियों का नेतृत्व करें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को देर शाम मोतीमहल के कंट्रोल कमांड सेंटर में इंसीडेंट कमांडरों और कोरोना संक्रमण की रोकथाम में अपने दायित्वो का निर्वहन करने वाले अधिकारियों की बैठक में यह बात कही। मोतीमहल के कंट्रोल कमांड सेंटर में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों को और प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिये आयोजित इंसीडेंट कमांडरों की बैठक में अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, सीईओ स्मार्ट श्रीमती जयति सिंह सहित जिले के लिये नियुक्त इंसीडेंट कमांडर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि ग्वालियर में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये किए जा रहे उपायों को और प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने हेतु एनआईसी के माध्यम से एक एप भी तैयार



किया गया है। इस एप के माध्यम से कोरोना संक्रमण में किए जा रहे कार्यों की बेहतर मॉनीटरिंग की जा रही है। सभी इंसीडेंट कमांडर अपने-अपने क्षेत्र में संक्रमण के संबंध में उपलब्ध डाटा को ऑपरेटर के माध्यम से तत्काल फीड कराएं। इस कार्य को सभी इंसीडेंट कमांडर पूर्ण गंभीरता के साथ करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिये निरंतर मॉनीटरिंग और कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग महत्वपूर्ण पार्ट है। इसे हम सबको समझना होगा। इंसीडेंट कमांडर अपने-अपने क्षेत्र में नेतृत्व करते हुए सभी विभागों का सहयोग लें और कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये किए जा रहे प्रयासों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों में सभी विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। इंसीडेंट कमांडर अपने क्षेत्र में सभी विभाग के अमले का उपयोग करते हुए बेहतर प्रबंधन करें। होम क्वारंटाइन की निगरानी, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के साथ-साथ ऑपरेटर के माध्यम से डेटा फीडिंग का काम भी तत्परता से किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि कोरोना पॉजिटिव एक भी मरीज अगर हमारी पहुँच से बाहर रहता है तो वह कई लोगों को प्रभावित कर सकता है। कोरोना का हर पॉजिटिव मरीज हमारी निगाह और निगरानी में होना चाहिए। उसकी सम्पूर्ण रिपोर्ट तत्परता के साथ पोर्टल पर अंकित की जाए। बैठक में इंसीडेंट कमांडरों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही डाटा फीडिंग एवं कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के साथ-साथ होम क्वारंटाइन की निगरानी में आ रही दिक्कतों के संबंध में भी जानकारी दी।

## ठाठीपुर पुलिस ने नाबालिक बच्ची का अश्लील विडियों बनाकर शारीरिक शोषण करने वाले 02 बदमाशों को किया गिरफ्तार



**ग्वालियर।**शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन,भापुसे के द्वाराग्वालियर जिले में महिला संबधि अपराध में त्वरित निकाल हेतुसभी राजपत्रित अधिकारियों को आदेषित किया गया था। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकशहर-पूर्व श्रीमती सुमन गुर्जर एवंनगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री आर.एन पचौरी ने अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को महिला संबधि अपराध के त्वरित निकाल कर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में दिनांक 17.07.2020 को थाना प्रभारी ठाठीपुर निरी0 शैलेन्द्र भार्गव को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नाबालिक बच्ची के अष्लील विडियों बनाकर उसे ब्लेकमेल कर उसके साथ शारीरिक शोषण करने वाले बदमाषों कोमुकेष एंव राहुल जाटव को थाना धीरपुरा जिला दतिया मे देखा गया है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी ठाठीपुर निरी0 शैलेन्द्र भार्गव ने थाना टीम के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर दबिष देकर दोनों बदमाषों को धरदबोचा। पूछताछ करने पर उन्होने अपने नाम मुकेष पुत्र हेम सिंह जाटव उम्र 19 वर्ष निवासी अषोक कालोनी ठाठीपुर ग्वालियर एंव राहुल जाटव पुत्र राजाराम जाटव उम्र 21 साल निवासी ग्राम देगॅमा जिला दतिया बताये।दोनों बदमाषों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा दोनो बदमाषों को गिरफ्तार करने वाली टीम को नगद राषि में पुरस्कार देने की घोषणा की है।

सराहनीय भूमिकाः-उक्त बदमाषों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी ठाठीपुर निरी0 श्री शैलेन्द्र भार्गव, सउनि0 अनिल जाट, आर0 यतेन्द्र राणा, अभिषेक प्रताप सिंह तोमर की सराहनीय भूमिका रही।


## सामाजिक उधमिता द्वारा समाज मैं बदलाव लाना संभव-पीयूष घोष

बरखा श्रीवास्तव ब्यूरो



ग्वालियर जीवन में सफल होने लिए सिर्फ इच्छा नहीं कबिलियत और इरादा भी चाहिए इन्हीं शब्दों को ध्यान मैं रखकर रोट्रेक्ट रीगल द्वारा सामाजिक उधमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भोपाल से फॉर्ब्स 30 अंडर 30 में लिस्टेड द ऑप्टिमिस्ट सीटीजन के संस्थापक पीयूष घोष ने अपना वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने बताया समाज से नकारात्मक खबरों को दूर करने के उद्देश्य से उन्होंने यह कंपनी शुरू की जिसका उद्देश्य ऐसी छिपे हुये लोगों की सकारात्मक कहानीयों को दुनिया के सामने लाना जो कहीं न कहीं समाज में बदलाव ला रहे है मंथन अवार्डी श्री घोष ने कहा मेहनत के साथ साथ स्मार्ट वर्क का उपयोग कर आज के समय में सफल उधमी बनने लिए हमें समाज की किसी बढ़ी समस्या को हल करना होगा युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में अपने काम से प्यार करें तथा एक लक्ष्य अवश्य बनाए और उसको पूरा करने के लिए अपने आपको समर्पित कर दें वेबिनार का संचालन क्लब की मानसी चौहान और आभार अध्यक्ष आकाश बरूआ ने किया इस मौके पर सचिव नमन अग्रवाल ,सत्यम गर्ग,अविनाश जैन,पूनम सिंह ,हनी ,आयुषी ,प्रज्ञा सहित रोट्रेक्ट रीगल के सभी सदस्य मौजूद रहे..।।

## थाना झॉसीरोड पुलिस ने 03 लुटेरों को मय लूट के माल सहित किया गिरफ्तार





**ग्वालियर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन,भापुसे के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में लुटेरों की धरपकड़ हेतुचलाये जा रहे अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकशहर-पूर्व श्रीमती सुमन गुर्जर एवंनगर पुलिस अधीक्षक विष्वविद्यालय श्री रत्नेष सिंह तोमर ने अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को लुटेरों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में दिनांक 17.07.2020 को थाना प्रभारी झॉसीरोड रमेष शाक्य को जरियें मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 22.07.2019 को थाना क्षेत्र में हुई लूट के आरोपी ग्राम लखनौती थाना गिजोर्रा में छिपे हुये है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी झॉसीरोड ने मय थाना बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर एक व्यक्ति को धरदबोचा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दिलीप रजक पुत्र गब्बर रजक उम्र 30 साल निवासी ग्राम लखनौती थाना गिजोर्रा ग्वालियर बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने विगत वर्ष हुई लूट की घटना को अपने साथी षिवम रजक के साथ अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार लुटेरे सें लूटा हुआ मोबाइल एंव लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल वरामद की गयी। गिरफ्तार लुटेरों दिलीप रजक से पूछताछ कर उसके दूसरे साथी षिवम रजक पुत्र स्व0 नरेष रजक उम्र 17 साल निवासी गड्डे वाला मौहल्ला नाका चन्द्रवदनी ग्वालियर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेष किया गया। इसी प्रकार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में दिनांक 17.07.2020 को थाना प्रभारी झॉसीरोड रमेष शाक्य को जरियें मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि वर्ष 2019 में हुई लूट में लिप्त लुटेरे को द्वारिकाघीष मंदिर के पास कुम्हरपुरा के आस पास देख गया है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी झॉसीरोड ने मय थाना बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर एक व्यक्ति को धरदबोचा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम कमल किषोर पुत्र हारूमन आदिवासी उम्र 40वर्ष निवासी द्वारिकाघीष मंदिर के पास कुम्हरपुरा ग्वालियर बताया। उसकी तलाषी लेने पर उसके पास से लूटा हुआ मोबाइल जप्त किया गया। सराहनीय भूमिकाः-उक्त लुटेरों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरी0 श्री रमेष कुमार शाक्य, उनि0 राजीव बिरथरे, टी.आर भगत, आर0 देवेन्द्र सिंह तोमर, जितेन्द्र शर्मा, महावीर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## डॉ. सिकरवार ने स्व. शीतला सहाय जी की प्रतिमा पर किया माल्यापर्ण

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिश्ठ नेता एवं जन उत्थान न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज पूर्व मंत्री स्वर्गीय षीतला सहाय जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वर्गीय षीतला सहाय जी प्रारंभ से ही राश्ट्रीय चेतना के कार्यो में रूचि रखते थे। स्वर्गीय षीतला सहाय जी 12 वर्श की उम्र में सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया, अनुषासनात्मक जीवन में विष्वास रखने के कारण षीतला सहाय जी राश्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के संपर्क में आये। जिसके बाद संघ पर



प्रतिबंध लगने के समय षीतला सहाय जी ने सत्याग्रह में भाग लिया और 6 माह जेल में रहें। डॉ. सिकरवार ने कहा कि षीतला सहाय जी ने अपने राजनैतिक सफर के प्रारंभिक काल से ही ग्वालियर के विकास में योगदान दिया है, वर्श 1956 में प्रथम बार मध्यप्रदेष विधानसभा के विधायक चुने जाने के पश्चात् श्री षीतला सहाय जी ने ग्वालियर के निवासियों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिष्चित करने की दृश्टि से प्रयास प्रारंभ किया। स्वर्गीय षीतला सहाय जी ने वर्श 1956 में भयंकर सूखे के समय 78 नलकूप खुदवाये जिनके कारण ग्वालियर का जलाभाव दूर हुआ, इसके अलावा तिघरा जलसंयत्र से मोतीझील तक 48 व्यास की दो पाइप लाइने डालने का महती कार्य योजना को पूरा किया। डॉ. सिकरवार ने कहा कि आज ग्वालियर षहर को तिघरा का पानी मिल रहा है, तो इसका पूरा श्रेय स्वर्गीय षीतला सहाय जी को जाता है। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार के साथ भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व मण्डल महामंत्री अवधेष कौरव, अनिल वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478